दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 129
कोटद्वार सोमवार
4 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

### इसरो के आदित्य एल-1 ने अंतरिक्ष में लगाई छलांग, नए ऑर्बिट में हुआ स्थापित

नई दिल्ली एजेंसी । भारत का पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 आज दूसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया. इस संबंध में भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने जानकारी साझा की। इसरो ने बताया कि आदित्य- एल1 ने आज पहली बार अपनी कक्षा बदल ली है। अब ये 235м19500 किलोमीटर की कक्षा से सफलतापूर्वक 245м22459 किलोमीटर की कक्षा में पहुंच गया है। जिसे आदित्य-एल1 की सूर्य की ओर पहली छलांग भी कहना उचित होगा। बता दें कि आदित्य-एल1 16 दिनों के दौरान पांच बार अपनी कक्षा बदलेगा। उसके बाद ये एल1 पॉइंट की ओर छलांग लगाएगा। शनिवार को आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग के बाद ये एक घंटा 3 मिनट और 19 सेकंड में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो गया था। इसके बाद रविवार को आदित्य-एल1 को थ्रस्टर फायर कर इसकी अगली कक्षा में भेजा गया। बता दें कि आदित्य-एल1 का पूरा कंट्रोल धरती से यानी इसरो से किया जा रहा है। अब आदित्य-एल1 अपनी कक्षाओं को चार बार और बदलेगा। कक्षा बदलने के लिए अगली फायरिंग 5 सितंबर को की जाएगी। उसके बाद 16 दिन पूरे होने पर ये सूर्य की ओर प्रस्थान कर जाएगा।

### ओडिशा : आसमानी बिजली कहर बनकर टूटी, 10 की मौत

भुवनेश्वर ,एजेंसी देश के अलग-अलग राज्यों में बाढ़ और बारिश के कारण तबाही जैसे हालात बने हुए हैं। ओडिशा में भी खराब मौसम के कारण हालात बिगड़ गए। आकाशीय बिजली गिरने से यहां 10 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

राज्य के विशेष राहत आयुक्त(एसआरसी) ने बताया कि बिजली गिरने के कारण अंगुल जिले में एक, बोलांगीर में दो, बौध में एक, जगतसिंहपुर में एक, ढेंकनाल में एक और खोरधा में चार लोगों की मौत हुई है। एसआरसी ने बताया कि जो लोग घायल हुए हैं वो खोरधा जिले के रहने वाले हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अभी भी कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावनाएं हैं।

ओडिशा में इससे पहले भी बिजली गिरने के कारण कुछ लोगों की मौत हो गई थी। मई में, नयागढ़ जिले में सरनाकुला पुलिस सीमा के तहत, अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने से एक महिला सहित तीन लोगों की जान चली गई थी।

### ट्रिपल मर्डर से दहला महाराष्ट्र का जलगांव, इलाके में दहशत का माहौल

नासिक ,एजेंसी । महाराष्ट्र के जलगांव जिले में भुसावल शहर के पास कंडारी गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर दो भाइयों सहित तीन लोगों की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और दो अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्रीराम नगर इलाके के निवासी निखिल सुरेश राजपूत (35) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस रिकॉर्ड में सजायाफ्ता अपराधी निखिल की श्रीराम नगर इलाके में नगर निगम की पानी की टंकी पर सोते समय एक युवक ने कथित तौर पर गला काटकर हत्या कर दी, जिससे इलाके में डर का माहौल पैदा हो गया।वहीं, एक अन्य घटना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तलवार और चाकू से हमला किए जाने से दो भाइयों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

चीन-पाक को पीएम मोदी की दो टूक

## अरुणाचल या कश्मीर, भारत कहीं भी कर सकता है बैठक

नई दिल्ली,एजेंसी। भारत जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार है। कुछ ही दिनों में दुनिया के कई प्रमुख नेता भारत आने वाले हैं। बैठक का आयोजन 9-10 सितंबर को देश की राजधानी दिल्ली में होगा। जी 20 बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन किए जाने से कई सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी 20 में अफ्रीका सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि सभी की आवाजें सुने बिना पृथ्वी की कोई भी भविष्य की योजना सफल नहीं हो सकती।



वहीं, कश्मीर में हुई जी-20 की बैठक और इस पर हो रहे ऐतराज पर पीएम मोदी ने साफ कहा है कि वह चाहे अरुणाचल प्रदेश का कोई हिस्सा हो या फिर कश्मीर, भारत कहीं भी बैठक कर सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत में जातिवाद और भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने रूस और यूक्रेन के युद्ध के मुद्दे पर भी कहा कि कोई भी समस्या हो उसे कूटनीति और वार्ता से सुलझाया जा सकता है।

दिल्ली में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन के बारे में पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की जी-20 अध्यक्षता के कई सकारात्मक परिणणा हैं और इनमें से कुछ मेरे दिल के बहुत करी हैं। दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण, अब मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में बदल रहा है। भारत इसमें उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि 'सब का साथ, सबका विकास' का नारा विश्व कल्याण के लिए भी एक मार्गदर्शक सिद्धांत हो सकता है।

### जम्मू- राजौरी हाईवे पर मिला आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया डिफ्यूज, बड़ा हादसा टला

जम्मू, एजेंसी। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने रविवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया जिससे एक बड़ी घटना टल गई। सेना के सूत्रों ने आज यहां बताया कि जम्मू-राजौरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारियन में एक पुलिया के पास एक संदिग्ध वस्तु (टिफिन बॉक्स) एक शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) का पता लगने के बाद संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची।उन्होंने बताया कि निकटतम सेना शिविर से तीन टीमें मौके पर पहुंचीं तथा कल्लार और बालावेन्यू में एक मोटर वाहन जांच चौकी स्थापित की गई। साथ ही पुलिस को सूचित किया गया और कार्रवाई में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दल मौके पर पहुंचा और करीब चार घंटे के अभियान के बाद आईईडी की सफलतापूर्वक पहचान कर उसे निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

सीएम स्टालिन के बेटे का विवादित बयान

## सनातन धर्म डेंगू-मलेरिया की तरह, इसे खत्म करना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। तमिलनाडु सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया है। उनके इस बयान पर चारों और बवाल मच गया है। उनके इस बयान को लेकर हिंदू सेना ने दिल्ली पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। बता दें कि उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटाना है।



सनातन उन्मूलन सम्मेलन में बोरते हुए उदयनिधि ने कहा था कि मुझे लगता है कि इन कॉन्फ्रेंस के आयोजक ने मुझे विशेष बात कहने का मौका दिया है। आपने इस कॉन्फ्रेंस का नाम सनातन उन्मूलन सम्मेलन रखा है। मैं इसकी प्रशंसा करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता है और उन्हें सिर्फ खत्म किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते हैं। हमें इन्हें खत्म करना होगा। इसी तहर हमें सनातन को खत्म करना होगा। सनातन का विरोध करने की बजाए इसे खत्म किया जाना चहिए।उदयनिधि स्टालिन ने एक बार फिर अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि मैं पेरियार और अंबेडक द्वारा लिखी गई बातों को दिखाने के लिए तैयार हूं। इन लोगों ने सनातन धर्म और इससे समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को लेकर गहरा शोध किया था। मेरा मानना है कि जिस तरह कोविड, डेंगू और मलेरिया मच्छरों द्वारा फैलता है उसी तरह सनातन धर्म भी कई सामाजिक बुराइयों का कारक है।

## भारत का मतलब राज्यों का संघ, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का विचार संघीय व्यवस्था पर हमला: राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार के 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के विचार को खारिज करते हुए इसे राज्यों पर हमला करार दिया और कहा कि यह देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है।



राहुल गांधी ने कहा, "इंडिया अर्थात भारत, राज्यों का एक संघ है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है।"

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा "जिसे 'एक राष्ट्र एक चुनावः कहा जा रहा है उस पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन एक अनुष्ठानिक अभ्यास है और इस काम की प्रक्रिया को सामने लाने का समय सन्देह पैदा करता है। इस संदर्भ में अपनाई गई शर्तें और सिफारिशें मनमानी से निर्धारित की गई हैं। समिति की संरचना भी अपने हिसाब से तय हुई हैं और इसी वजह से लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कल रात बहुत ही उचित तरीके से इस समिति का हिस्सा बनने से इनकार किया है।"

## राहुल की 'मुहब्बत की दुकान' में सनातन धर्म से नफरत का सामान कैसे बिक रहा : नड्डा

चित्रकूट , एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए कथित बयान को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए आज कहा कि राहुल गांधी की 'मुहब्बत की दुकान' में सनातन धर्म से नफरत का सामान कैसे बिक रहा है।



जेपी नड्डा मध्यप्रदेश के सतना जिले के चित्रकूट में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में समूचे विपक्षी गठबंधन को आड़े हाथों लिया। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार के मंत्री उपस्थित थे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए गठबंधन जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित बना रहा है, वहीं परिवारवादी गठबंधन इंडी 'घमंडिया गठबंधन' के सबसे बड़े सदस्य द्रमुक के नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन हमारे धर्म संस्कारों संस्कृति पर आघात पहुंचा रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को समाप्त करने का उद्घोष किया है। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से पूछा कि हिंदू धर्म पर ऐसे आघात लगाने वाले लोगों को रहने देने का अधिकार है क्या।

उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को जड़ मूल से समाप्त करने की बात की है। मुख्यमंत्री पुत्र ने उदाहरण दिया है कि जैसे मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना को समाप्त करते हैं, वैसे सनातन धर्म को खत्म कर दो।

इसी क्रम में जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन से सवाल किया कि उदयनिधि स्टालिन का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब मुंबई में इस गठबंधन की रणनीति बन रही थी। क्या यही रणनीति तैयार हुई है। क्या ये गठबंधन आने वाले चुनाव में सनातन धर्म को समाप्त करने के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाने वाले हैं।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी सवाल किया कि उनकी 'मुहब्बत की दुकान' में हिंदू और सनातन धर्म से नफरत का सामान कैसे बिक रहा है। उदयनिधि स्टालिन ने कल चेन्नई में आयोजित एक सम्मेलन में सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। इसके बाद से इस बयान का भारी विरोध शुरु हो गया है।

### कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की बिगड़ी तबीयत

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत खराब हो गई है।



बताया जा रहा है कि उन्हें हल्के बुखार के लक्षणों के चलते दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फिलहाल उनकी तबीयत स्थीर है। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें हल्का बुखार था जिसके बाद उन्हें एडमिट किया गया है। बता दें कि सोनिया गांधी इससे पहले भी स्वास्थ्य दिक्कतों का सामना कर चुकी हैं। कोविड होने का बाद से उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। सम्मेलन के कारण दिल्ली की सड़कों को सजाया गया है। रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने राजधानी में अधिकारियों के साथ तैयारियों और साफ-सफाई का जायजा लिया। उपराज्यपाल प्रगति मैदान राजघाट और दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पर निरीक्षण करने पहुंचे।

## ईडी ने भी शुरू की रजिस्ट्रार ऑफिस फर्जीवाड़े की जांच

100 करोड़ से ज्यादा की मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका

देहरादून। रजिस्ट्रार ऑफिस में फर्जीवाड़े के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी सक्रिय हो गया है। ईडी ने एसआईटी से इस मामले में दर्ज सभी सात मुकदमों का विवरण मांगा है। बताया जा रहा है कि यह मामला 100 करोड़ रुपये से भी ऊपर का हो सकता है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग की भी आशंका है। जल्द ही ईडी इस प्रकरण में एक अलग मुकदमा दर्ज कर सकती है।



गत 15 जुलाई को जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर शहर कोतवाली में इस प्रकरण से संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया था। जालसाजों के एक गिरोह ने रजिस्ट्रार कार्यालय में रखी जिल्दों में छेड़छाड़ कर बैनामों में फर्जीवाड़ा किया था। शुरुआत में चार जमीनों से संबंधित दस्तावेज में छेड़छाड़ पाई गई, लेकिन बाद में जब जांच हुई तो 50 से अधिक बैनामों में इस तरह का फर्जीवाड़ा पाया गया। पुलिस ने जांच शुरू की और वरिष्ठ अधिवक्ता कमल विरमानी समेत नौ लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है।

इस बीच पता चला है कि इस मामले की शुरुआत सहारनपुर में रखे रिकॉर्ड से हुई थी। वहां से ही रजिस्ट्री बनाकर देहरादून में भेजी गई थीं। इन्हें यहां के स्थानीय अधिवक्ताओं के माध्यम से रिकॉर्ड में चढ़वाकर दूसरे लोगों को बेचा गया। इसमें करोड़ों रुपये के वारे न्यारे हुए। अब तक पुलिस 20 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जीवाड़े का पता लगा चुकी है। यह एक अकेले अधिवक्ता इमरान के माध्यम से जालसाजी कर कमाए गए थे।

इस मामले में शुरुआत में ही पुलिस की ओर से ईडी को पत्र लिखा गया था। इसके क्रम में ईडी ने भी अब जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच के लिए ईडी की ओर से पुलिस को एक पत्र लिखा गया है। इसमें अब तक दर्ज हुए सातों मुकदमों का ब्योरा मांगा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ईडी इसमें मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी। एसआईटी अब तक की कार्रवाई और गिरफ्तारी का ब्योरा ईडी को भेजने जा रही है।

इस मामले में जल्द ही पुलिस की ओर सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने जा रही है। इसके तहत पुलिस गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) में कार्रवाई करेगी। इस धारा के अंतर्गत आरोपियों की अपराध करने के समय से लेकर गिरफ्तारी तक की संपत्तियों की जांच की जाती है। इसके बाद इसे प्रशासन के माध्यम से जब्त किया जाता है। मसलन, यदि इस अपराध की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई तो इन आरोपियों की वर्ष 2019 से अब तक की सारी संपत्तियां जांच के दायरे में आएंगी।

## जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों का दिल्ली के एलजी ने लिया जायजा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली की सड़कों को सजाया गया है। सड़कों पर गमले रखे गए हैं। इसके अलावा राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दी गई।



जी-20 को लेकर तैयारियों के बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा अधिकारियों के साथ प्रगति मैदान जायजा लेने पहुंचे। वहां पर उन्होंने तैयारियों और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ मिनीबस से यात्रा भी की।

एलजी वीके सक्सेना और पीएम के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने दिल्ली हवाई अड्डे के टी3 टर्मिनल का भी निरीक्षण किया। इससे पहले वह दिल्ली के राजघाट पर भी तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। जी-20 सम्मेलन को लेकर दिल्ली को चमकाने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है। दिल्ली की महापौर ने कहा कि राजधानी के 12 जोन में 12 हजार से अधिक कूड़ा डालने वाले स्थानों को चिह्नित कर निगम ने 24 घंटों के भीतर उन स्थानों की सफाई करवा दी है। वहीं 52 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों की मदद से सड़कों पर दिन-रात सफाई का कार्य जारी है। शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के सुरक्षा चक्रको अभेद्य करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।इनके रूट से लेकर ठहरने की जगह तक चप्पे-चप्पे की सुरक्षा का खाका तैयार हो गया है। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां किसी आम नागरिक का आना-जाना पूरी तरह से निषेध होगा।

## 'इमरान' के बहाने अमेठी में फिर कांग्रेस-भाजपा में 'सियासी रार'

अमेठी, एजेंसी। आम चुनाव 2024 जैसे-जैसे करीब आ रहा है। अमेठी की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। तीसरी बार केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनावी रणभूमि में आमने-सामने होने की संभावना प्रबल होने के साथ ही दोनों दलों के नेता व कार्यकर्ता जोश में हैं।

हाईप्रोफाइल अमेठी में कांग्रेस व भाजपा के बीच शुरू हुई सियासी रार में इस बार इमरान को बहाना बनाया गया है। कांग्रेस ग्राम प्रधान इमरान को जहां केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से उत्पीड़ित बता रही है वहीं भाजपा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भादर ब्लाक के मंगरा गांव के ग्राम प्रधान इमरान से मिलने के कार्यक्रम को देश का अपमान बता कर सवाल खड़ा कर रही है। दोनों ही दलों के समर्थकों की ओर से इंटरनेट मीडिया पर रार ठन गई है।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 में भादर ब्लाक के मंगरा से मोहम्मद इमरान के ग्राम प्रधान चुने जाने पर उनके समर्थकों ने बाइक रैली निकाली थी, जिसमें विवादित गाना बज रहा था। वीडियो प्रसारित होने पर पुलिस ने उस समय इमरान के विरुद्ध देशद्रोह का केस दर्ज कर जेल भेज दिया था।तीन माह बाद इमरान को जमानत मिल गई थी। बीते 24 अगस्त को भादर के बहादुरपुर गांव में जन समस्याओं को सुनने के लिए लगी चौपाल में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी पहुंची थी, तभी इमरान भी एक शिकायती पत्र लेकर उनके सामने पहुंच गया।

इमरान को देख स्मृति ने पूछा कि तुम वहीं इमरान हो, जो जीत के बाद देश विरोधी गाने चलवाए थे, इसके बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान को हिरासत में ले लिया था।रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात के लिए ग्राम प्रधान को मुसाफिरखाना बुलाया गया था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के जारी कार्यक्रम पत्र में ग्राम प्रधान को केंद्रीय मंत्री स्मृति द्वारा फर्जी फंसाकर उत्पीड़न करने का हवाला था, इसी के बाद दोनों दलों के साइबर योद्धा एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहाकि कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पाकिस्तान परस्त ग्राम प्रधान का सम्मान कर देश का अपमान कर रहे हैं। अमेठी की जनता इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप

**सोशल मीडिया पर चल रही जोर आजमाइश**

सिंघल ने कहाकि ग्राम प्रधान होने के कारण इमरान ने अपने गांव की समस्या लेकर सांसद के पास चौपाल में गया था। समस्या सुनने के बजाय सांसद ने उसे जेल भेजवा दिया। रही बात गाने की तो इमरान का कहना है कि उसमें छेड़छाड़ की गई थी।

# वर्षों से घर बैठे पदाधिकारी पर होगी संघटनात्मक कार्यवाही:बरिंदर कुमार गोयल




देहरादून । आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं पंजाब की लहर सीट से विधायक बरिंदर कुमार गोयल एवं सह प्रभारी रोहित मेहरौलिया विधायक त्रिलोकपुरी दिल्ली, उत्तराखंड दौरे पर देहरादून पहुंचे यहां उन्होंने रेस कोर्स स्थित ट्रांसिट हॉस्टल में प्रदेश के पदाधिकारी के साथ बैठक की । इस दौरान प्रभारी उत्तराखंड श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि कोई भी पदाधिकारी अपने आप को पार्टी से बड़ा ना समझे जो लोग वर्षों से घर बैठे हैं और काम नहीं कर रहे एवं आम आदमी पार्टी की रीति नीति को घर–घर तक पहुंचने में सहयोग नहीं कर रहे हैं उन लोगों पर पार्टी द्वारा जल्द ही एक्शन लिया जाएगा जल्द ही ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार की जाएगी और उनसे वार्ता कर आगे की कार्रवाई की जाएगी एक सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है और जो लोग समाज सेवा करना चाहते हैं वह आगे आकर पार्टी का काम कर सकते हैं इस दौरान उन्होंने वालंटियर मैपिंग की बुकलेट कार्यकर्ताओं को सौपी जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी पदाधिकारी अपनी संबंधित विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं की लिस्ट बनाकर बुकलेट को भरें और कार्यालय में सौंप दें ।

इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी दीप्ति रावत बिष्ट ने अपने सहयोगियों सहित आम आदमी पार्टी का दामन थामा प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी ने पार्टी का प्रतीक चिन्ह पका उड़कर उनको पार्टी की सदस्यता दिलाई दीप्ति रावत बिष्ट के नेतृत्व में शशि थापा ,गुंजन गुरंग ,प्रीतम छेत्री, राजेंद्र सिंह खत्री, उमा थापा, भगवान सिंह छेत्री, विनोद कुमार शर्मा ,हरीश मौर्य, मोनिका यादव, सागर जायसवाल, आशु ,सुभाष सहित दर्जनों लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा ।

## यूबीटी केयर्स फाउंडेशन ने जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

देहरादून। यूबीटी केयर्स फाउंडेशन के तत्वाधान में जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए यूबीटी केयर्स फाउंडेशन के संस्थापक प्रांजल जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा देहरादून सहित मसूरी के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 1 साल से हर रविवार को सफाई अभियान चलाया जाता है इस रविवार को मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट में चलाए गए सफाई अभियान में बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्रित किया गया।

उन्होंने बताया कि टीम में लगभग 100 के करीब युवक और युवतियां शामिल रहे। जिनके द्वारा जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र में 280 किलो के करीब कूड़ा एकत्रित किया गया। सफाई अभियान सुबह 9 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक चलाया गया। इस मौके पर सेंट जोसेफ एकेडमी के अध्यापक देव नौटियाल के साथ ही बच्चों ने भी सहयोग किया और इस अभियान को पूर्ण करने के लिए बस सेवा, मास्क,गारवेज बैग उपलब्ध कराये। इस मौके पर डीडी उनियाल ,हरीश रतूड़ी ,प्रियांशु ने भी अपना सहयोग दिया वह बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## एकल संवर्ग भर्ती वेटिंग पर बेरोजगारों ने उठाए सवाल

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने एकल संवर्ग के पदों पर भर्ती में वेटिंग का प्रावधान किए जाने पर सवाल उठाए हैं। संघ ने कहा है कि भर्ती आयोग अब ज्यादातर विभागों की भर्तियां एक साथ आयोजित करवाते हैं, इस कारण युवाओं को इस फैसले का खास लाभ नहीं मिल पाएगा। प्रदेश सरकार ने पिछली कैबिनेट में ही एकल संवर्ग की भर्ती में रिक्त पदों के सापेक्ष 25 प्रतिशत तक वेटिंग का प्रावधान करने का निर्णय लिया है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा है कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ज्यादातर भर्तियां अब संयुक्त परीक्षा होती है। एकल विभाग की भर्तियां अब बहुत कम होती हैं। दूसरी तरफ एकल विभाग की भर्ती में चयन आयोगों द्वारा उपलब्ध पदों के सापेक्ष ही परीक्षा परिणाम निकाला जाता है, यदि कोई अभ्यर्थी ज्वाइनिंग नहीं करता है, तो उसकी जगह नए अभ्यर्थी की सूची निकाली जाती है। इस तरह यहां पहले से ही वेटिंग लिस्ट का प्रावधान है। इसलिए इस निर्णय को संशोधित करते हुए व्यावहारिक किया जाए।

खर्च बचाने के लिए संयुक्त परीक्षाः भर्ती आयोग अब खर्च बचाने के लिए विभिन्न विभागों में समान योग्यता वाले पदों की एक साथ परीक्षा कराने पर जोर देते हैं। इसमें विभिन्न विभागों में सीमित संख्या वाले पदों को मिलाकर एक साथ परीक्षा कराई जाती है। हाल में स्नातक स्तरीय परीक्षा इसी तर्ज पर सम्पन्न हुई, अब एकल परीक्षा पुलिस कास्टेबल, फॉरेस्टगार्ड, एलटी की ही होती है। इन पदों पर युवाओं को वेटिंग का लाभ मिल सकेगा, अब तक पुलिस में वेटिंग का प्रावधान तक नहीं था।

## महिला होमगार्ड स्वयंसेवक परीक्षा में शामिल हुई 300 अभ्यर्थी

ऋषिकेश। महिला होमगार्ड स्वयंसेवक शारीरिक दक्षता परीक्षा में रविवार को पूर्णानंद खेल मैदान में टिहरी जिले की 300 महिला अभ्यर्थी शामिल हुईं। इस दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच और शारीरिक दक्षता का आकलन किया गया। जिला कमांडेंट होमगार्ड टिहरी गढ़वाल के तहत महिला होमगार्ड स्वयंसेवक शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए जिला टिहरी की कुल 3379 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें से 445 अभ्यर्थियों के फार्म त्रुटियों के चलते रद्द कर दिए गए। जबकि शेष 2934 अभ्यार्थियों की परीक्षा पूर्णानंद खेल मैदान में 1 सितंबर से 10 सितंबर तक होगी। रविवार को पूर्णानंद खेल मैदान में लगभग 300 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पहुंचीं। इस दौरान सभी



अभ्यर्थियों के जमा दस्तावेजों की मूल कॉपियों की जांच की गई और 500 मीटर दौड़, लंबी कूद और क्रिकेट बॉल थ्रो के आधार पर उन्हें शारीरिक दक्षता का आकलन किया गया। इसके आधार पर उन्हें चेस्ट नंबर आवंटित किए गए। मौके पर पहुंचे जिला कमांडेंट होमगार्ड गौतम कुमार ने बताया कि यह परीक्षा सोमवार तक जारी रहेगी। यदि उसके बाद भी कोई अभ्यर्थी किसी कारण से परीक्षा देने से वंचित रह जाता है तो ऐसे अभ्यर्थियों को 10 सितंबर के बाद एक और मौका दिया जाएगा।

## यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म हैः तोमर

विकासनगर। आर्य समाज डोभरी के द्वारा रविवार को प्रातः कालीन यज्ञ एवं सत्संग किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा हिमांशु रावत, पूर्व विद्यार्थी आर्ष गुरुकुल पौंधा रहे। इनके द्वारा यज्ञ कार्य पूर्ण वैदिक रीति–नीति के द्वारा संपन्न किया गया। यज्ञ के उपरांत आर्य उप प्रतिनिधि सभा देहरादून के वरिष्ठ उप प्रधान नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा मौजूद सभी आर्य जनों को संबोधित करते हुए कहा गया यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म अर्थात यज्ञ ही संसार का सर्वश्रेष्ठ कार्य है। हम सभी को निरंतर अपने घरों में यज्ञ करना चाहिए। अपने उद्बोधन में समझाते हुए कहा गया कि आलसी का यश नष्ट हो जाता है। दुष्टों की मैत्री नष्ट हो जाती है। नष्टेन्द्रिय का कुल नही चलता, व्यसनी की विद्या नष्ट हो जाती है।

## संस्कृत के प्रचार–प्रसार को रैली निकाली



देहरादून। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत महोत्सव के तहत पूरे सप्ताह प्रतियोगिताएं की गईं। संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए रैली निकाली गई। समापन पर व्यापार संघ अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है जिस पर सरकार ने संस्कृत को राज्य भाषा का दर्जा दिया है। ऐसे में संस्कृत भाषा का प्रचलन बढाने व उपयोग में लाने का विस्तार किया जाना चाहिए व राज्य के सभी संस्कृत विद्यालयों को आगे बढाने का प्रयास करना चाहिए ।संस्कृत महाविद्यालय के अध्यक्ष उपेद्र पंवार ने कहा कि संस्कृत सप्ताह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अर्थ हमारे संस्कारों का समयोजन है, इसलिए अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढाने की जरूरत है, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रयास रहेगा कि संस्कृत महाविद्यालय उचांइयों को छुए। इस मौके पर कार्यवाहक प्रधानाचार्या मीनाक्षी चौहान ने कहा कि संस्कृत सप्ताह के तहत पूरे सप्ताह हर दिन अलग अलग सांस्कृतिक गतिविधियां की गई जिसमें संस्कृत में गीत नृत्य, समूह गान, श्लोक प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता, आदि कराई गई। वहीं रैली निकाली गई ताकि आम जन संस्कृत के प्रचार प्रसार में सहयोग कर सकें।

## एक नजर

### विश्व फिजीयोथेरेपी सप्ताह शुरू

देहरादून। नव्य भारत फाउंडेशन और स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ फिजीकल थैरेपी की ओर से विश्व फिजीयोथेरेपी सप्ताह–2023 का आगाज हो गया है। रविवार को पहले दिन चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। नव्य भारत चैरिटेबल फिजीयोथेरेपी सेंटर बालावाला में मिशन चिरंजीवी भारत के अंतर्गत निशुल्क चिकित्सा, डेंटल, आयुर्वेद और फिजीयोथेरेपी परामर्श कैंप आयोजित किया गया। इसमें पीजीआई चंडीगढ़ के चिकित्सकों ने निशुल्क उपचार किया। लोकगायक सौरव मैठाणी ने कैंप का शुभारंभ किया। डा. अनिरुद्ध उनियाल ने कहा कि राष्ट्रव्यापी अभियान देवभूमि उत्तराखंड से शुरू होकर देश के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए 10 सितंबर को पीजीआई चंडीगढ़ में इसका समापन होगा। मौके पर डा. डीडी उनियाल, डा. सिंधिया सकलानी, डा. आयुष काला, डा. अनिरुद्ध उनियाल आदि मौजूद थे।

### ऊर्जा निगमों में वेतन कटौती, रिकवरी का विरोध

देहरादून। ऊर्जा के तीनों निगमों में पुरानी एसीपी लागू होने से मिनीस्टीरियल संवर्ग पर वेतन कटौती, रिकवरी का खतरा पैदा हो गया है। उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने इस पर गहरी नाराजगी जताई। मैनेजमेंट पर जल्द समझौता लागू करने को दबाव बनाया। मोर्चा के संयोजक इंसारुल हक ने कहा कि तीनों ऊर्जा निगमों के मैनेजमेंट ने एक महीने के भीतर इस समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया था। वेतन कटौती बंद किए जाने के साथ ही रिकवरी पर भी पूरी तरह रोक लगाने पर फैसला होना था। एक महीने के गुजरने के बाद भी मैनेजमेंट की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मोर्चा ने उपनल कर्मचारियों की मांगों को भी पूरा न किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि हाईकोर्ट समेत तमाम कोर्ट उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण और समान काम का समान वेतन देने के आदेश दे चुकी हैं।

## 26वें स्थापना दिवस पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने ली शपथ

ऋषिकेश। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन ने 26वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। 26वें स्थापना दिवस पर नवनियुक्त कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। इसमें प्रमोद कुमार जैन अध्यक्ष और एसपी अग्रवाल महासचिव बनाए गए। रविवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन ने 26वें स्थापना दिवस पर झंडा चौक स्थित श्रीभरत मंदिर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। इसका शुभारंभ जगन्नाथ आश्रम के अध्यक्ष महन्त लोकेश दास ने किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे आधार हैं। उनका हम सभी को सम्मान करना चाहिए और उनके अनुभवों का लाभ प्रत्येक कार्य में उठाना चाहिए। उन्होंने संगठन की नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें प्रमोद कुमार जैन ने अध्यक्ष, एसपी अग्रवाल ने



महासचिव, प्रदीप कुमार जैन ने कोषाध्यक्ष, अशोक रस्तोगी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार दीक्षित ने उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार मुद्गल ने उपमहासचिव, नरेश कुमार गर्ग ने सचिव, हेम कुमार पांडे ने उप सचिव, मदन वालिया ने उप कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके अलावा वेद प्रकाश, एसपी गुप्ता, एसके आहूजा, चन्द्र पाल सिंह, हरीश तोमर, अरविंद जैन, चन्दन सिंह पंवार, सतीश कुमार शर्मा, गणेशी लाल, ओपी मुल्तानी, हरि प्रकाश जिंदल, डॉ. विजय गुप्ता ने कार्यकारिणी सदस्य पद की शपथ ग्रहण की।

## आशियाना उजड़ने से वन गुर्जर परेशान

ऋषिकेश।लच्छीवाला रेंज में सिपेट के समीप पिछले 40 वर्षों से रह रहे वन गुर्जरों के आशियाने अब उजड़ने लगे हैं। वन विभाग की ओर से लच्छीवाला रेंज में वन गुर्जरों के कब्जों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। कई जगहों पर नोटिस देने के बाद भी कब्जा न हटाने पर वन विभाग की टीम ने खुद कार्रवाई कर भूमि को कब्जामुक्त कराया है। अभी कुछ स्थानों पर वन विभाग की टीम ने अतिक्रमण हटाकर जमीन को खाली करने की चेतावनी दी है। वन विभाग की चेतावनी से सहमे कई वन गुर्जरों ने अब स्वयं ही अपने आशियाने तोड़ने शुरू कर दिए हैं। इन गुर्जरों के सामने अब छत को लेकर बड़ा संकट खड़ा गया है। वन गुर्जर शाकिना ने बताया कि वह पिछले लगभग 40 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं,

## अच्छी पढाई के साथ अच्छे संस्कारों के लिए जाने जाते हैं विद्या मंदिर

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में रविवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। सम्मलेन में लागभग 350 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया और विद्यालय विकास के लिए अपने सुझाव दिए और अपने बच्चों की समस्यों से भी अभिभावकों ने विद्यालय को अवगत कराया। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यमन चौधरी ने विद्या भारती से संचालित विद्या मंदिर स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्या मंदिर के विद्यालय अच्छी पढ़ाई के साथ–साथ संस्कारों के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने स्वयं अपने परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी बहन स्वयं इसी विद्या मंदिर से पड़ी है, और आज डॉक्टर के पद पर सुशोभित है। विद्यालय के कोषाध्यक्ष महोदय सुबोध गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने सबसे पहले समस्त अभिभावक बंधुओं का विद्यालय पहुंचने पर हार्दिक अभिनंदन किया और कहा कि छात्र और विद्यालय विकास के लिए आपको समय–समय पर विद्यालय अवश्य आना होगा। कहा की जब छात्र–छात्राओं से संबंधी कोई समस्या हो और उस समस्या को आप लोगों के सामने रखेंगे तभी उसका समाधान हो सकता है। प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने विद्यालय की पूरी रीति और नीति से सभी अभिभावक बंधुओं को अवगत कराया प्रधानाचार्य ने कहा कि पढ़ाई सभी विद्यालय में होती है परंतु हमारे विद्या मंदिर शिक्षा के साथ–साथ संस्कार के लिए भी जाने जाते हैं।

## ऋषिकेश में आवंटित शराब के डिपार्टमेंट स्टोर को निरस्त करे सरकार

ऋषिकेश। अखिल भारतीय संत समिति तथा विरक्त वैष्णव मंडल ने ऋषिकेश में शराब के डिपार्टमेंट स्टोर आवंटित किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इन डिपार्टमेंट स्टोर का आवंटन निरस्त करने की मांग की। रविवार को भारतीय संत समिति तथा विरक्त वैष्णव मंडल से जुड़े संत बैराज रोड स्थित शहरी विकास मंत्री के कैंप कार्यालय में पहुंचे। वहां उन्होंने शहरी विकस मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी ताजेंद्र सिंह नेगी के माध्यम से मंत्री को ज्ञापन दिया। संतों ने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में भी ऋषिकेश की पहचान तीर्थस्थल के रूप में है। यही नहीं ऋषिकेश में आध्यात्म, योग और मन की शांति के लिए श्रद्धालु तथा पर्यटक बड़ी संख्या में प्रत्येक वर्ष पहुंचते हैं। बावजूद इसके प्रशासन ने ऋषिकेश में कई जगहों पर शराब का डिपार्टमेंट स्टोर आवंटित कर दिया है। इन दिनों एम्स और सीमा डेंटल कॉलेज के निकट तथा नटराज चौक के निकट अंग्रेजी शराब का डिपार्टमेंट स्टोर आवंटित होने से तीर्थनगरी की छवि धूमिल हो रही है। इसकी संत समाज निंदा करता है। संतों ने कहा कि तीर्थनगरी में शराब का डिपार्टमेंट स्टोर खुलने से क्षेत्रवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने शराब के आवंटित स्टोर को निरस्त करने की मांग की।

## मोबाइल लूट में दो आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। हरिपुरकला में पैदल जा रहे एक शख्स से मोबाइल छीनने में बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने दबोच लिया है। तलाशी में पुलिस ने आरोपियों से लूटा मोबाइल भी बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। रायवाला पुलिस के मुताबिक एक सितंबर को भूपतवाला, हरिद्वार निवासी अमित सिंह ने हरिपुरकला में सड़क से जाते वक्त मोबाइल लूट की शिकायत की थी। पीड़ित ने बाइक सवार दो युवकों पर आरोप लगाया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस अज्ञात बाइक सवार युवकों की पहचान के प्रयास में जुटी थी।

## डेंगू पीड़ित मरीजों हेतु किया रक्तदान शिविर आयोजित

विकासनगर। शैक्षणिक उन्नयन एवं सामाजिक विकास समिति की ओर से रविवार को डेंगू पीड़ित मरीजों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। एनफील्ड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित शिविर में आईएमए ब्लड बैंक के विशेषज्ञों की टीम ने 60 यूनिट रक्त एकत्र किया। आयोजिक समिति के अध्यक्ष अनंत सोलंकी और सचिव राम नारायण रतूड़ी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो हर व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर करना चाहिए। जिससे किसी भी बीमार व्यक्ति की मदद हो सके। बताया कि रक्तदान जीवन दान है, जो हमारे द्वारा किया गया। रक्तदान कई



जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई अपना खून की कमी होने पर जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। जिसमें गर्भवती महिलाएं, किशोरी, बालक बालिकाएं या दुर्घटना से ग्रस्त कोई भी हो सकता है। कहा कि इन दिनों पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप छाया हुआ है। डेंगू से पीड़ित मरीजों के परिजन ब्लड, प्लाज्मा, प्लेटलेट के लिए भटक रहे हैं।

## आस्था और उल्लास के साथ मनाया तीज महोत्सव

विकासनगर। भाऊवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में रविवार को तीज महोत्सव आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर तीज क्वीन का खिताब पिंकी रावत के सिर सजा।

कार्यक्रम संचालिका लक्ष्मी कपरूवाण अग्रवाल ने कहा कि तीज का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम को बढ़ाने का त्योहार है, लेकिन आज के समय में पारंपरिक और सांस्कृतिक त्योहार



लगातार समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण युवा पीढ़ी में इन त्योहारों को लेकर अज्ञानता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों में ही भारतीय संस्कृति का सार है।

## जानलेवा हमले में दो आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। नंबरदार फार्म में फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले युवक पर जानलेवा हमले के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना में संलिप्त अज्ञात लोगों की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी है। पेशी के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक ग्रामसभा खदरी खड़कमाफ निवासी सुशील रतूड़ी ने पुलिस को फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले भाई राहुल पर जानलेवा हमले की शिकायत दी थी।

## भाजयुमो पछुवादून के संजय तोमर जिलाध्यक्ष व कपिल शर्मा महामंत्री बने

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संजय तोमर को युवा मोर्चा ग्रामीण का जिलाध्यक्ष व कपिल शर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। दोनों पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश नेतृत्व और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत का अभार प्रकट किया है। उन्होंने अपने पद का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही है। भाजपा ग्रामीण के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष तोमर ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उनको दिया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। कहा वह आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी युवा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे, जिससे पार्टी को मजबूती मिलें। कहा पार्टी ने पहले उन्हें जिलामहांमत्री के पद पर नियुक्त किया था जिसका दायित्व भी उन्होंने पूरी ईमानदारी से निर्वाहन किया था। उन्होंने कहा कभी सोचा नहीं था पार्टी उन्हें जिलाध्यक्ष जैसे पद पर नियुक्त करेगी। कहा पार्टी के द्वारा समय–समय पर जो भी दिशा निर्देश दिए जायेंगे उसका पूरे ईमानदारी से पालन किया जायेगा।

## काश्तकारों ने उठाई मांग, जल्द करवाएं नहरों की मरम्मत

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के काश्तकारों ने सिंचाई नहर मरम्मत की मांग उठाई है। कहा कि आपदा के कारण नहरें जगह–जगह टूट चुकी है। ऐसे में खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। शासन–प्रशासन को जल्द नहर मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए। समस्या को लेकर काश्तकारों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि भाबर क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर ही निर्भर हैं। काश्तकारों को मालनी नदी से सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, अगस्त माह में आई आपदा से जगह–जगह नहर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ऐसे में खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाना मुश्किल हो गया है। फसल बर्बाद होने से काश्तकारों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कहा कि काश्तकारों के हित को देखते हुए जल्द नहरों की मरम्मत का कार्य किया जाना चाहिए। इस मौके पर सत्यवीर सिंह, गायत्री देवी, पुष्कर सिंह, राजीव कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# गड्ढों के बीच खो गई सड़क, बना है दुर्घटनाओं का अंदेशा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कांडाखाल से पौखाल के मध्य बदहाल पड़ी सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन रही है। दस किलोमीटर के सफर में यात्रियों की सांसे अटकी रहती हैं। आक्रोशित

**◆कांडाखाल से पौखाल के मध्य बदहाल स्थिति में पड़ी है सड़क ◆ग्रामीणों ने उठाई जल्द सड़क मरम्मत करवाने की मांग**



द्वारीखाल ब्लाक के कांडाखाल बाजार में बदहाल पड़ी सड़क

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द सड़क मरम्मत करवाने की मांग की है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत कांडाखाल से पौखाल तक बदहाल स्थिति में पड़ी सड़क दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही है। अधिकांश स्थानों पर सड़क गड्ढों के बीच खो गया है। कांडाखाल से पौखाल तक दस किलोमीटर के सफर में बदहाल सड़क आमजन की कमर तोड़ रही है। कांडाखाल बाजार में ही गड्ढों के बीच सड़क खोजना एक चुनौती बन गई है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। ग्रामीण मदन कंडवाल, दीपक कुमार व भास्कर कंडवाल ने बताया कि वर्षों से बदहाल सड़क की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, हर बार केवल झूठा आश्वासन दिया जाता है। कुछ दिन पूर्व गड्ढे की चपेट में आने से कांडाखाल बाजार में एक बार सवार भी चोटिल हो गया था। कांडाखाल से पौखाल तक का सफर तय करने में दोपहिया वाहन चालकों की कमर टूट जाती है। कहा कि शासन–प्रशासन को वर्षाकाल थमने के बाद अब जल्द ही सड़क मरम्मत पर ध्यान देना चाहिए। यदि शीघ्र इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन को मजबूर होंगे।

## संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी में संस्कृत सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न संस्कृत गीत समूहगान आदि कार्यक्रमों का संस्कृत में आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनसुया प्रसाद सुन्दरियाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सभी से संस्कृत भाषा में एक वाक्य जरूर लिखने का निवेदन कर रहे हैं। कहा कि सभी छात्रों का सौभाग्य है सभी को सुंदर संस्कृतमय वातावरण का परिवेश मिला है। उन्होंने सभी को संस्कृत भाषा की सेवा के लिए संकल्पित होने पर जोर दिया। वरिष्ठ अध्यापक नवीन जुयाल ने कहा की लघु लघु प्रयास से हम धाराप्रवाह संस्कृत बोल सकते हैं। कार्यक्रम के संचालक आचार्य नवीन ममगांई ने कहा कि श्रावण पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व व तीन दिन बाद तक मनाया जाता है। इस मौके पर आचार्य अनूप, आशीष डबराल, कमलदीप, ईशान डोभाल, नीरज पटवाल, अंकित मैठाणी व सभी छात्र मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन में अभिनय को दिखा उत्साह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** रामलीला मंचन के लिए इस साल पहली बार अभिनय, नृत्य और गायन में ऑडिशन रखा गया। जिसमें स्थानीय बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रामलीला के प्रति नई पीढ़ी के बच्चों का रुझान देखकर समिति के पधाधिकारी और कार्यकर्ताओं में काफी खुशी बनी हुई है। समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने कहा कि भविष्य में रामलीला की इस धरोहर को सहेजने में नई पीढ़ी का यह उत्साह मील का पत्थर साबित होगा।

ऑडीशन में संगीत निर्देशक और कलाकारों के चयन की जिम्मेदारी संभाल रहे मनोज रावत अंजुल ने बताया कि पौड़ी रामलीला की एक विशेषता रही है कि यह बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर पीढ़ी के लिए अवसर प्रदान करती है। संगीत की तीनों विधाओं के सम्मिश्रण से सुसज्जित लोकरंजन की यह विधा उत्तरोत्तर प्रगति के मार्ग पर दिनोंदिन अग्रसर है।

यह जीता जागता थिएटर बहुत मेहनत से अभ्यास के कई चरणों से गुजरता हुआ दर्शकों तक पहुंचता है। जिसमें निर्देशकों की अहम भूमिका होती है। कहा कि समिति का उद्देश्य यही है कि जो भी किरदार मंच पर खड़ा हो वह जीवंत अभिनय करे। ऑडीशन में निर्णायक की भूमिका में संगीत निर्देशक मनोज रावत अंजुल के साथ ही चंद्रमोहन चमोली, सुदर्शन बिष्ट और सुनील रावत मौजूद रहे। संगीत में प्रमेन्द्र नेगी, नवांश बहुगुणा ने साथ दिया।

इस मौके पर कमेटी के सचिव राम सिंह रावत, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रावत विक्रम गुसाईं आदि शामिल रहे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में ४४ यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विमला कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट की ओर से बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ४४ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान आमजन को भी रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।

रविवार को आयोजित शिविरि में बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य गिरीराज सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने अपने माता–पिता की स्मृति में यह रक्तदान शिविर लगवाया है। रक्तदान शिविर का सफल संचालन विमला कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से किया गया। अभियान के दौरान लोगों को रक्तदान के फायदें भी बताए गए। कई बार रक्तदान कर चुके दलजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम



कोटद्वार में आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग

जरूरतमंद को नया जीवन दे सकते हैं। संसार में सबसे बड़ा दान रक्तदान ही है। इस मौके पर सीनियर रेजिडेंट डा.प्रदीप बनर्जी, मेघा तोमर, नफत नदीम, राम प्रसाद, मोहन लाल भट्ट, अमित कुमार, राहुल, विनोद आदि मौजूद रहे। वहीं, राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में भी लायंस क्लब कोटद्वार डिग्निटी व पुलकित मैमोरियल हास्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 49 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रोहित बत्ता, आशीष अग्रवाल, मनीष लूथरा, हुकुम सिंह नेगी, प्रशांत रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** जिला जज एवं जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष आशीष नैथानी के निर्देश पर जिले में 15 सितंबर तक सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र–छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है।

आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि जिले में 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान के तहत जिले के स्कूलों व कालेजों में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन के साथ ही रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। परिवहन विभाग, पुलिस व राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व स्कूलों में सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने के लिए विस्तार से जानकारी के साथ ही जागरूक किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चलाते समय वाहन पार्किंग का रखे विशेष ध्यान, निर्धारित लेन में ही चलाएं, ओवरटेक से बनाएं दूरी, नो एंट्री का रखे ख्याल, सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग, गति पर नियंत्रण के साथ ही अन्य जानकारी दी जा रही है।

# रिया व अर्पिता का हुआ राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार की रिया खत्री व अर्पिता का चयन राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हुआ है। बेटियों की इस सफलता पर अभिभावकों के साथ ही फुटबॉल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है।

बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पदमपुर मोटाढांक की छात्रा रिया खत्री व एवीएन की छात्रा अर्पिता का चयन राष्ट्रीय स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्रा अर्पिता एवीएन स्कूल में अध्यनरत है। अर्पिता के पिता जीआईसी कण्वघाटी में शारीरिक शिक्षक के पद पर तैनात है। दोनों छात्राओं के अभिभावकों ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त की है। अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत ने बताया कि



अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनीत रावत के साथ मौजूद खिलाडी रिया व अर्पिता

दोनों छात्राओं का चयन उत्तराखंड अंडर–14 बालिका टीम के लिए हुआ है। 22 सदस्य टीम का चयन रुद्रपुर में किया गया था। राष्ट्रीय स्तरी का पहला मुकाबला चार सितंबर को मिजोरम, दूसरा मुकाबला छह सितंबर को पंजाब व तीसरा मुकाबला आठ सितंबर को बिहार में होना है। कहा कि उन्हें उम्मीद है बेटियां इस प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

# बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों ने किया पौधा रोपण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों ने आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर में पौधा रोपण अभियान चलाया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक के मुख्य प्रबंधक महेश प्रकाश नौटियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए।

बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। अभियान के



कोटद्वार में पौधा रोपण करते बैंक के अधिकारी व कर्मचारी

दौरान 20 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डा.सुभाष चंद्र ढौंडियाल, सीडीओ पौड़ी अरूण कुमार धस्माना, वरिष्ठ प्रबंधक चंद सिंह रावत, वरिष्ठ प्रबंधक हेमा मेहता, सीता गुप्ता, पीयूष सिंह, दिव्यांशु रावत, आंचल गोसाईं, पायल रावत, आयुष गोसाईं, आदित्य गोसाईं, अनीसा रावत, सुहानी नेगी, लाकी बिष्ट,मयंक बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पुलिस को दें जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पर्वतीय क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पाटीसैंण पुलिस चौकी में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से क्षेत्र में घूमने वाले किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। कहा कि समाज को अपराध मुक्त बनाने में आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

रविवार को चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला ने जन प्रतिनिधि, व्यापारियों व टैक्सी यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में जनता का सहयोग भी अतिआवश्यक है।

वर्तमान में समाज में नशाखोरी का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। जिससे युवा पीढी पर बुरा असर पड़ रहा है। समाजहित में नशाखोरी पर लगाम लगानी जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से किसी भी प्रकार की चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन करना जरूरी है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी



पाटीसैण में संगठनों व क्षेत्रीय ग्रामीणों की बैठक लेते चौकी प्रभारी

आपराधिक घटनाओं को रोकने व संदिग्धों पर नजर रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। टैक्सी यूनियने को सदस्यों से यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। कहा कि यातायात नियमों के पालन करने से यात्रियों सहित स्वंय को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

# पूर्व सैनिकों ने उठाई मांग, बलिदानियों के नाम पर हो शहर के चौराह व मुख्य मार्ग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने शहर के मुख्य चौराह व मार्गों का नाम बलिदानी सैनिकों के नाम पर रखने की मांग की है। कहा कि देश की सुरक्षा में दिए गए वीर सैनिकों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आने वाली पीढ़ी को जागरूक करने के लिए इस तरह के कार्य किए जाने अति आवश्यक हैं।

सिताबुपर में आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिक सीमा पर



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक व अन्य

तैनात होकर देश की रक्षा में जुटे हुए हैं। नायक बिक्रम सिंह वर्ष 2000 में राष्ट्रीय राइफल्स जम्मू कश्मीर में तैनात थे। जहां पर वे एक आईडी ब्लास्ट में देश की रक्षा की खातिर बलिदान हो गए। महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि पूर्व सैनिक संघर्ष समिति का सतत मिलन कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बलिदानी बिक्रम सिंह के नाम पर किसी सड़क व चौराहे का नामकरण होना चाहिए। जिसको लेकर वे नगर निगम की महापौर हेमलता नेगी से मुलाकात करेंगे। साथ ही शासन प्रशासन से भी पत्राचार करेंगें। उन्होंने कहा कि सतत मिलन कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिकों के स्वजनों व वीर नारियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर राजेश बिष्ट, मेहरबान सिंह चौहान, देवेंद्र बिष्ट, शूरवीर खेतवाल, अनुसुया प्रसाद गोस्वामी, प्रमोद रावत, लाल सिह शामिल रहे।

## युवती से सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों पर हो कार्रवाई

रुद्रप्रयाग। जनपद में एक गांव में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। पीड़िता के पिता ने पुलिस से मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जिले में एक युवती के साथ सामूहिक दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। पिता की तहरीर पर राजस्व पुलिस द्वारा मामला पंजीकृत किया गया। जबकि राजस्व उप निरीक्षक द्वारा युवती के बयान दर्ज किए गए। राजस्व उप निरीक्षक ने राजस्व पुलिस से केस रेगुलर पुलिस को हस्तान्तरित कर दिया है। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले जिले में एक गांव में एक युवती के साथ ग्राम प्रधान, एक अन्य व्यक्ति और एक नेपाली मूल के व्यक्ति द्वारा सामूहिक दुराचार का मामला सामने आया है।

# अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर नागरिक मंच ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नागरिक मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बेस अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक जिम्मेदार हैं।

इस संबध में मंच की मासिक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अस्पताल में आधुनिक मशीनों के होने के बाद भी मशीनों को चलाने के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति नहीं की गई है। इस कारण मशीनें में जंग लग गया है। मशीनों को चलाने के लिए टेक्नीशियन की नियुक्ति की जानी चाहिए। कहा कि कोटद्वार से जयपुर के लिए रात्रि रेल सेवा आरंभ करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। साथ ही मंच ने क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत करने, कोटद्वार–कण्वाश्रम मोटर मार्ग को सुधारने, कोटद्वार से दिल्ली के लिए रोड़वेज की ए सी बस चलाने और दिल्ली के लिए रात्रि बस सेवा आरंभ करने की मांग भी की। बैठक में अध्यक्ष सी पी नैथानी, अतुल भट्ट, गोविंद डंडरियाल, राकेश अग्रवाल, एस एन नौटियाल, राकेश लखेड़ा, सुबोध देवरानी, महावीर सिंह, देवव्रत काला, राजेंद्र पंत और हरीश चंद्र भदुला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर अंकुर गुप्ता ने सफलतापूर्वक किया कान का जटिल ऑपरेशन




अल्मोड़ा। जिला अस्पताल में मरीज के कान की हड्डी गलने का ऑपरेशन ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर अंकुर गुप्ता द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

डॉ गुप्ता ने बताया की यह ऑपरेशन अल्मोड़ा जिला अस्पताल में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है जिसमें मरीज की कान की हड्डी गलने की बीमारी का जटिलतम ऑपरेशन हुआ है। यह तब किया जाता है जब किसी मरीज के कान में कोलेस्टीयेटोमा होता है एवं साथ ही साथ कान की हड्डियाँ भी गल जाती है। ज्ञात हो की मरीज गुड्डी देवी बचपन से ही दोनों कान की हड्डी गलने की बीमारी से पीड़ित थी। गुड्डी देवी के केस को समझते हुए डॉक्टर अंकुर गुप्ता ने उसके कान का जटिलतम ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन के दौरान न केवल गुड्डी देवी के कान में मौजूद समस्त गली हड्डी वाले हिस्से को निकालकर उसके स्थान पर कान में कृत्रिम हड्डी को बनाकर भी लगाया गया, तथा गुडडी देवी के कान में नया पर्दा भी लगाया गया, जिससे कि वह ऑपरेशन के बाद सुनने के लायक हो सके। सामान्यतः यह ऑपरेशन केवल मरीज को बेहोश कर कर ही किया जाता है परंतु डॉक्टर अंकुर गुप्ता ने यह जटिलतम ऑपरेशन जिला अस्पताल के स्तर पर ही सुन्न करके किया।

## काठगोदाम में 35 पेटी बियर के साथ एक युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। काठगोदाम पुलिस ने शनिवार देर रात एक कार से 35 पेटी बीयर जब्त की है। एसओ प्रमोद पाठक ने बताया, पुलिस टीम गौलापुल के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार वनभूलपुरा की तरफ से आती दिखी। इशारा करने पर भी चालक ने कार नहीं रोकी। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने अपने निजी वाहन से पीछा कर कुंवरपुर तिराहे के निकट कार को रोक लिया। पूछताछ में आरोपी चालक ने अपना नाम हामिद हुसैन निवासी वनभूलपुरा बताया। तलाशी में कार से 35 पेटी बीयर बरामद हुई। जिनमें 460 बोतलें बरामद थीं। आरोपी बीयर कहां से लाया, इसका पता लगाया जा रहा है। आरोपी को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

# गोस्वामी समाज सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन

अल्मोड़ा। गोस्वामी समाज सेवा समिति की बैठक चौघानपाटा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद गिरि व संचालन गिरीश नाथ गोस्वामी द्वारा किया गया।




बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष पूरन नाथ गोस्वामी, सचिव प्रकाश नाथ भण्डारी, उपसचिव कृष्ण गोस्वामी, कोषाध्यक्ष गोविंद नाथ गोस्वामी, संगठन मंत्री मनोज नाथ, मीडिया प्रभारी शिवेंद्र गोस्वामी, जिला संयोजक गिरीश नाथ गोस्वामी, युवा अध्यक्ष इंद्र गोस्वामी, लमगड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी को चुना गया। चुनाव प्रदेश उप सचिव देव नाथ गोस्वामी व पीजी गोस्वामी की देखरेख में संपन्न हुआ। बैठक में हेमगिरी, महेंद्र नाथ, हरीश नाथ, धीरेंद्र नाथ, राजेंद्र नाथ, भूपेंद्र गिरी, तनुज गोस्वामी, पूरन नाथ, संतोष नाथ, अशोक गोस्वामी, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भैरव गोस्वामी, महेश गिरी आदि उपस्थित थे।

# विधायक सुमित ने 89.66 लाख की योजनाओं का किया लोकार्पण

हल्द्वानी। विधायक सुमित हृदयेश ने जिला खनिज फाउंडेशन की 61.05 लाख रुपये की दो योजनाओं व 28.61 लाख रुपये की विधायक निधि से दो योजनाओं का रविवार को लोकार्पण किया। नाली और सड़कों से संबंधित इन योजनाओं के लोकार्पण के दौरान विधायक ने कहा कि उनका पहला लक्ष्य हल्द्वानी की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाना है। विधायक ने वार्ड–50 की सद्भावना कॉलोनी में 36.42 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग, वार्ड–50 की आदर्श नगर गली नंबर–6 में 24.63 लाख रुपये से बने संपर्क मार्ग, वार्ड–8 के नवाबी रोड क्षेत्र में मार्ग व नाली निर्माण कार्य और वार्ड–49 के अम्बा विहार, तल्ली बमौरी लालडांठ व तल्ला गोरखपुर क्षेत्र में 12.31 लाख रुपये की लागत से मार्ग व नाली निर्माण के कार्यों का लोकार्पण किया। सुमित ने कहा कि स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश के पदचिह्नों पर चलते हुए हल्द्वानी के चहुमुखी विकास के लिए वे हरसंभव कार्य करेंगे। शहर के विकास कार्य न रुकें, इसके लिए विधायक निधि का शत–प्रतिशत सदुपयोग किया जा रहा है। कहा कि लोगों के सुगम आवागमन के लिए हल्द्वानी को गड्ढा मुक्त करने के लिए राज्य सरकार को अलग से बजट जारी करना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश मेहता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पार्षद नीमा भट्ट, पार्षद विनोद दानी, पार्षद राधा आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, जगमोहन चिलवाल, हुकुम सिंह कुंवर, खीम सिंह चौहान, महेंद्र आर्य, विनय भट्ट, कौशलेंद्र भट्ट, हल्द्वानी इलेक्ट्रिक एसोसिएशन अध्यक्ष नेत्र बल्लभ जोशी, दीप पाठक, गिरीश पांडे, संदीप भैंसोड़ा, नितिन भट्ट, राहुल मठपाल, आशीष कुड़ई, राजेश पांडे, विनोद जोशी, दीपक बेलवाल, कमला तिवारी, लता पांडे, मंडी परिषद के कनिष्ठ अभियंता एके सिंह आदि मौजूद रहे।

## रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर 8 को होगी बैठक

हल्द्वानी। पुरानी पेंशन बहाली के लिए 19 सितंबर से प्रस्तावित रथ यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल की बैठक 8 सितंबर को भीमताल स्थित सीईओ कार्यालय सभागार में होगी। जिलामंत्री डिकर सिंह पडियार ने बताया कि इस दौरान सीईओ नैनीताल के स्वागत व विकास खंड की लंबित समस्याओं पर भी चर्चा होगी। ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को विकास खंड के तहत लंबित समस्याओं का विधिवत संकलन कर 4 सितंबर तक उपलब्ध कराना होगा, ताकि बैठक के लिए सुनियोजित और सुव्यवस्थित एजेंडा तैयार किया जा सके।

# पूर्व पैरामेडिकल छात्रों ने कॉलेज पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

अल्मोड़ा। नगर के खत्याड़ी स्थित जय एक कॉलेज के पूर्व पैरामेडिकल छात्र जय श्री कॉलेज के खिलाफ धरने पर बैठ गए हैं। छात्रों का कहना है कि कॉलेज के चेयरमैन ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। कॉलेज के पूर्व छात्रों का कहना है कि उन्होंने कॉलेज में 2016 में 2 वर्षीय डीएमएलटी डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन लिया था।

जिसके लिए उन्होंने एक लाख 20 हजार से अधिक फीस दी थी परन्तु आज 5 वर्ष बाद भी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है, क्योंकि उत्तराखंड में 2 वर्षीय डीएमएलटी डिप्लोमा कोर्स के रजिस्ट्रेशन वर्ष 2015 से बंद कर दिए गये थे। इस सम्बन्ध में बीती 22 अगस्त को कॉलेज के




पूर्व छात्र मनोज पाण्डेय, मोहित भट्ट, राजेंद्र कार्की, अजय लोबियाल, राकेश कुमार द्वारा अल्मोड़ा जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को कॉलेज द्वारा किये गये धोखाधड़ी एवं फर्जीवाड़े को लेकर ज्ञापन भी दिया था। शनिवार से धरने पर बैठे पूर्व छात्रों का कहना है कि उनके कोर्स के रजिस्ट्रेशन पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा नहीं किये जा रहे हैं, जिससे छात्र मानसिक तनाव में हैं, कॉलेज द्वारा चंद पैसों के लिए अपने विद्यार्थियों का भविष्य खराब किया जा रहा है।

# किताब कौतिक में विद्यार्थियों की उमड़ी भीड़



अल्मोड़ा। द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज में लगे किताब कौतिक में विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान संस्कृति, साहित्य, लोक कला, इतिहास, भाषा आदि पर विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। वहीं इतिहासकारों, साहित्यकारों और लेखकों को सम्मानित भी किया गया। आयोजक मंडल ने कौतिक में पहुंचे पंतनगर विवि के पूर्व कुलपति डॉ. बीएस बिष्ट, पूर्व आईपीएस शैलेंद्र प्रताप सिंह, भारत सरकार के सेवानिवृत्ति निदेशक डॉ. गिरीश खनोलिया, डॉ. राम सिंह राणा, इतिहासकार डॉ. अनिल जोशी, साहित्यकार कौस्तुभ चंदोला, हेमा उनियाल, डॉ. दिवा भट्ट, गीतकार सरोज उपाध्याय, डॉ. बीएस कालाकोटी, रक्षा वैज्ञानिक डॉ. सतीश पंत, बालप्रहरी के संपादक उदय किरौला, डॉ. बिहारी लाल, डॉ. हेमा उनियाल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि शनिवार को तीन दिवसीय किताब कौतिक के दूसरे दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि पुरातत्वविद पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल ने रिबन काटकर की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किताब कौतिक का आयोजन सराहनीय है। कहा कि यह कौतिक विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि पैदा करने में सहायक सिद्ध होगा।

## गोल्डन कार्ड से मिले कैशलेस ओपीडी का लाभ

हल्द्वानी। सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स फोरम की बैठक की बैठक में गोल्डन कार्डधारक को कैशलेस ओपीडी की सुविधा का लाभ दिए जाने की मांग की गई। संघ भवन बद्रीपुरा में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को इस संबंध में शासन की ओर से आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज तक आदेश जारी नहीं किया गया है। गोल्डन कार्ड में अब तक कई बीमारियों को शामिल नहीं किए जाने से सेवानिवृत कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बैठक में शहर में लावारिश जानवरों की समस्या के समाधान की भी मांग भी उठाई गई।

# पंचायत क्षेत्र में खुद अतिक्रमण कर रहा वन विभाग : हरीश रावत

हल्द्वानी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि अतिक्रमण चिह्नीकरण के नाम पर प्रदेश में आतंक का माहौल बनाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों की भूमि पर हुए निर्माण को वन विभाग अतिक्रमण बता रहा है। रावत ने आरोप लगाया कि वन विभाग खुद पंचायतों के क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है। राज्य सरकार को मामले का संज्ञान लेना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रविवार को हल्द्वानी स्थित स्वराज आश्रम में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि वन पंचायतें गांवों की पूंजी हैं। प्रभावितों को सुनकर ऐसा लगता है कि उनकी उंगली पकड़कर गला दबाने का प्रयास किया



जा रहा है। रावत ने कहा कि कई लोगों को सरकार ने लीज पर भूमि दी। जब वे लीज नवीनीकरण नहीं करा पाए तो सरकार ने उन्हें अतिक्रमणकारी बना दिया। गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत जिन लोगों को जमीन के पट्टे आवंटित किए गए, उन्हें भी अतिक्रमणकारी कह दिया गया। यही नहीं, गांव की जमीन या जंगल के नजदीक बसे लोगों को भी अतिक्रमणकारियों की श्रेणी में डाल दिया गया है।

# चोरी की 10 बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। थाना पंतनगर और सिडकुल चौकी की टीम ने चोरी की दस बाइकों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं एसएसपी ने बाइक बरामद करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा है। रविवार को एसएसपी कार्यालय में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से सिडकुल इलाके में खड़ी बाइक लगातार चोरी हो रही थीं। इस पर एसएसपी ने थाना पंतनगर और सिडकुल चौकी की एक टीम का गठन किया। इसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी। शनिवार को पुलिस टीम ने सिडकुल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को बिना नंबर प्लेट की एक बाइक दिखाई दी। पुलिस को देख बाइक चालक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम दीपक शर्मा निवासी राजा कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप बताया।

## मंडी बाईपास में पिकअप सवार युवकों से लूट

हल्द्वानी। मंडी बाईपास रोड पर तीन युवकों ने पिकअप चालक से चाकू की नोक पर हजारों की नगदी व मोबाइल लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में धारी नैनीताल निवासी संतोष बेलवाल ने बताया कि घटना बीते 27 अगस्त की रात 10:40 बजे हुई। वह अपने पिकअप वाहन से ड्राइवर पान सिंह मेहता और लवकुश जोशी के साथ मंडी से अपने किराये के कमरे सीएमटी कॉलोनी की ओर जा रहे थे। रास्ते में हॉडा शोरूम के पास शौचालय के लिए रुके, तभी तीन युवक आए और चाकू की नोक पर मारपीट करने लग गए। आरोपी उनका और ड्राइवर का मोबाइल फोन और तीन हजार रुपये लूटकर भाग गए।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया मधुवन कलस्टर कार्यालय का उद्घाटन

बाजपुर। प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बाजपुर में मधुवन स्वायत्त सहकारिता एवं प्रधानमंत्री वन धन विकास केन्द्र में मसाला प्रसंस्करण इकाई और मधुवन कलस्टर कार्यालय का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भूमि वन धन विकास केंद्र जनजाति समूह की महिलाओं का एक कलेक्टर है, जिसमें 308 महिलाएं जुड़ी है। उन्होंने कहा प्रदेश में 61 हजार समूह संचालित है, जिसमे 4 लाख से अधिक बहने जुड़ी समूह से जुड़ी हुई है। मंत्री ने कहा पीकेवीवाई के तहत प्रदेश के अनेकों स्थानों पर स्टाल खोले गए है। मंत्री ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन पर "मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव



योजना" की शुरुवात की है। जिसके अंतर्गत प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों व एकल उद्यमी बहनों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का बृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप बहनों ने रु. 50 लाख से अधिक के उत्पादों की बिक्री की है। मंत्री ने कहा धामी सरकार अपनी महिला हितैषी नीतियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अल्ट्रा पुअर के तहत चयनित महिलाओं को सहायता राशि के चेक भी वितरित किया गया।

# 15 गांवों में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का गठन



रुद्रपुर। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। कांग्रेस व यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने 15 गांवों में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का गठन किया।

रविवार को कांग्रेस नेता आन सिंह रावत के आवास पर आयोजित बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ने कहा कि कर्नाटक, हिमाचल सहित कई राज्यों में इलेक्शन मैनेजमेंट की टीम में काम किया है। भाजपा इन राज्यों में चुनाव हार चुकी है। अन्य राज्यों में भी कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि बेशक यह विधानसभा उत्तराखंड की चुनौतीपूर्ण विधानसभाओं में से एक है।

## शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

रुद्रपुर। रामनगर रोड स्थित प्रतापपुर में शार्ट सर्किट से एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते धूं–धूंकर ट्रांसफार्मर और केबल जलने लगा। आसपास के लोगों द्वारा आग लगने की सूचना बिजली निगम और फायर विभाग को दी गई। हालांकि, बिजली निगम की तरफ से तत्काल सप्लाई बंद की गई। जिस पर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। इसके चलते एरिया में कई घंटों तक बिजली सप्लाई प्रभावित रही। प्रतापपुर में लगाए गए 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

# हिजामं कार्यकर्ताओं ने भ्रष्ट अधिकारियों का पुतला फूंका

रुद्रपुर। हिंदू जागरण मंच ने एक अधिकारी पर देहरादून में हो रहे धार्मिक स्थल निर्माण को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए भ्रष्ट अधिकारियों का पुतला फूंका।रविवार को मंच के नगर संयोजक राधे राजा के नेतृत्व में कार्यकर्ता डीडी चौक पर इकट्ठे हुए और पुतला दहन किया। आरोप लगाया कि देहरादून की एमडीडीए कॉलोनी में धार्मिक स्थल का निर्माण हो रहा है। इसको एमडीडीए का एक अधिकारी संरक्षण दे रहा है, जबकि स्थानीय प्रशासन ने उस निर्माण को सील कर एक सप्ताह का समय दिया था। मगर कई दिन बीत जाने के



बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में पुतला दहन के बाद 20 सितंबर को सीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यहां चंद्रपाल मौर्य, सुनील कुमार, संजू कुमार, राजेंद्र कुमार, राजकुमार, चंदन कुमार, अंकित सिंह, अतुल आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# कटघरे में प्रशासनिक व्यवस्थाएं

भ्रष्टाचार किसी प्रशासनिक व्यवस्था को किस हद तक अपने जाल में फंसा सकता है इसकी बानगी देहरादून के रजिस्ट्रार ऑफिस में देखने को मिली है जहां कर्मचारी भू माफियाओं एवं कुछ वकीलों का फर्जीवाड़े का गठजोड़ देखने को मिला है। जमीनों के दस्तावेजों में लंबे समय तक फर्जीवाड़ा चलता रहा और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। अति गोपनीय समझे जाने वाले रजिस्ट्रार कार्यालय में खुलेआम दस्तावेजों के बदले जाने का क्रम चलता रहा और भू माफिया ने गठजोड़ कर तमाम जमीनों को खुर्दबुर्द कर दिया। यह बेहद चिंताजनक है जब सरकारी कार्यालय में ही सुरक्षा और गोपनीयता के सारे नियम कानून धरे के धरे रह जाते हैं तो ऐसी घटनाएं यह बताने के लिए काफी है कि सरकारी व्यवस्थाओं पर प्रशासनिक नियंत्रण का स्तर किस प्रकार से तार तार हो चुका है। कर्मचारी नियंत्रण से बाहर हैं तो दस्तावेजों की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। जिलाधिकारी देहरादून की पहल पर मामले की जांच कराई गई तो आंखें फटी की फटी रह गई कि आखिर रजिस्टार ऑफिस में कुछ सही भी चल रहा है या नहीं? सहारनपुर से लेकर देहरादून तक फर्जीवाड़ा के तार जुड़े हैं जिसमें भूमाफियाओं से लेकर सरकारी कर्मचारी एवं वकीलों की भागीदारी ने पूरे तंत्र को ही कटघरे में ला खड़ा किया है। संभावित 100 करोड रुपए से ऊपर का यह फर्जीवाड़ा अब प्रवर्तन निदेशालय के निशाने पर भी है और पुलिस की कार्रवाई के बाद इस बहती गंगा में हाथ धोने वाले लोगों के खिलाफ जांच की जा सकती है। जाहिर है गंभीरता से पत्ते दर पत्ते खोले तो मनी लॉन्ड्रिंग जैसे बड़े-बड़े खुलासे भी सामने आएंगे। यह पूरा प्रकरण रजिस्ट्रार कार्यालय में रखे जमीनों के जिल्द एवम उसके दस्तावेजों में छेड़छाड़ से जुड़ा हुआ है जिसमे अंदर के बैमाने बदले जाते थे और बाद में उन्हें फर्जी वाले से रजिस्ट्री कर अपने नाम कर लिया जाता था। शुरुआत में यह प्रकरण चंद जमीनों से फर्जीवाड़े के तौर पर सामने आया लेकिन जब एसआईटी ने फाइलें खंगालनी शुरू की तो छप्पर फाड़कर फर्जी वाले खुलने लगे। पूरा प्रकरण एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है जिसकी बुनियाद सहारनपुर से तैयार की गई थी और इसे देहरादून के रजिस्ट्रार कार्यालय में इमारत का रूप दिया गया।अब तक पुलिस 20 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जीवाड़े का पता लगा चुकी है। यह प्रकरण खुद में बताने के लिए काफी है कि सरकारी तंत्र को अपनी व्यवस्था में अपने ही गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि जिस प्रकार की व्यवस्था वह सरकारी कार्यालय में छोड़कर निश्चित बैठे हुए हैं क्या वह सुरक्षित और गोपनीय है भी या नहीं। एक बड़ी समस्या यह है कि चूंकि कई वर्षों से रजिस्टार ऑफिस में फर्जीवाड़े का यह कार्य चला आ रहा था लिहाजा इस दौरान हुई सभी रजिस्ट्री जांच के दायरे में आ गई है, खासतौर से ऐसी रजिस्ट्री जो इस प्रकरण से जुड़े वकीलों के माध्यम से बेची या खरीदी गई है। निश्चित तौर पर अभी इस प्रकरण में कई और बड़े नाम भी सामने आ सकते हैं, बशर्ते पूरे प्रकरण की जांच निष्पक्षता एवं बिना दबाव के हो। फर्जीवाड़ों में मिली भगत करने वाले मोटा माल अपनी तिजोरियों में भरते रहे लेकिन उन जमीनों के असली मालिकों का क्या जो अपनी ही जमीन को अपना बताने के लिए अब अदालत के चक्कर काटते फिरेंगे?

# महंगाई अब स्थायी, बढ़ती रहेगी!

**जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का अतिरेक हर जगह देखने को मिल रहा है। भारत जैसे सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भर रहने वाले देश में अगर समय से बारिश नहीं होती है या सामान्य बारिश नहीं होती है और गरमी व सर्दी दोनों बहुत होते हैं तो फसल खराब होगी। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण दुनिया की आपूर्ति शृंखला बिगड़ी रहने वाली है। मिसाल के तौर पर डेढ़ साल से रूस व यूक्रेन का युद्ध चल रहा है और चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण ताइवान सहित कई इलाकों में तनाव बना हुआ है। इसका असर सप्लाई चेन पर होगा।**

**अजीत द्विवेदी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया है कि महंगाई जल्दी ही कम हो जाएगी। उनके कहने से पहले से कई आर्थिक जानकार यह दावा कर रहे थे कि महंगाई सीजनल है और जल्दी ही कम हो जाएगी। वित्त मंत्री के जल्दी महंगाई कम होने के बयान की एक दूसरी आर्थिक वजह भी थी। उन्होंने यह बात कहते हुए भारतीय रिजर्व बैंक पर परोक्ष व प्रत्यक्ष रूप से दबाव भी बनाया कि वह नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी नहीं करे। अभी पिछले कुछ दिन से मौद्रिक समीक्षा नीति की बैठकों में नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखा जा रहा है। लेकिन जुलाई के महीने में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से निर्णायक रूप से ऊपर जाने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि रेपो रेट में बढ़ोतरी हो सकती है। तभी वित्त मंत्री ने पहले ही अपना दांव चलते हुए कहा कि नीतिगत ब्याज दर में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की प्रक्रिया प्रभावित होगी यानी विकास दर कम होगी।

सो, एक तरफ रिजर्व बैंक है, जिसे खुदरा महंगाई दर को छह फीसदी से नीचे रखने की अपनी जिम्मेदारी निभानी है तो दूसरी ओर वित्त मंत्री हैं, जिनको विकास दर की रफ्तार की चिंता करनी है। यह दोनों संस्थाओं के बीच सनातन खींचतान है।

अब अंतर यह आ गया है कि महंगाई स्थायी हो गई है और इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण खाने-पीने की चीजों, खास तौर से सब्जियों की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी भी है। दुर्भाग्य से भारत में हमेशा खाद्यान्न की कीमतों को ही



महंगाई के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है और हर व्यक्ति का बयान उसको ध्यान में रख कर ही दिया जाता है। खाने-पीने की चीजों और खास कर सब्जियों को महंगाई का जिम्मेदार ठहराना एक किस्म की साजिश भी है, जिसकी आड़ में बाकी चीजों की महंगाई छिप जाती है। अनाज और सब्जियों को जब महंगाई के नैरेटिव में विलेन बनाया जाता है तो उसका एक बड़ा फायदा यह होता है कि एक वर्ग स्वाभाविक रूप से किसानों के नाम पर इसके बचाव में आ जाता है, जिससे पूरी बहस की दिशा मुड़ जाती है। यह कहा जाने लगता है कि कीमत बढने का फायदा किसान को हो रहा है और इस वजह से लोगों के पेट में दर्द में हो रहा है।

लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है। अनाज और सब्जियों की कीमत में बढ़ोतरी का फायदा आम किसान को नहीं मिलता है। उसकी फसल तो पहले ही आढ़तिए खरीद चुके होते हैं। इनकी कीमतों में बढ़ोतरी भी बाजार का खेल है, जिसमें बड़े कारोबारी और थोड़े से बड़े किसान शामिल होते हैं। अगर सरकार विनिर्मित वस्तुओं की तरह या खाने-पीने की डिब्बाबंद वस्तुओं की तरह खुले अनाज और सब्जियों की अधिकतम कीमत यानी एमआरपी निर्धारित कर दे तब किसान को फायदा संभव है। लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। इससे जाहिर है कि यह बहस किसान के हित की नहीं होती है। इससे दूसरे लोगों का हित पूरा किया जाता है।

तभी खाने-पीने की वस्तुओं यानी अनाज और सब्जियों की कीमतों में कमी आने के बावजूद महंगाई कम नहीं होने वाली है। हो सकता है कि आंकड़ों में अगले दो महीने में यह बताया जाए कि खुदरा महंगई कम होकर रिजर्व बैंक की छह फीसदी की सीमा के दायरे में आ गई है लेकिन उससे आम लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिलने वाली है। इसका कारण यह है कि खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें भी खुले बाजार में बहुत कम नहीं होने वाली हैं।

उनकी एक न्यूनतम कीमत तय हो चुकी है। टमाटर की कीमत ढाई सौ रुपए किलो पहुंच गई, जिसमें कमी आ रही है लेकिन कम होकर इसकी खुदरा कीमत इसके दस फीसदी के बराबर यानी 25 रुपए किलो पर नहीं आने वाली है। इसी तरह धीरे धीरे ही सही लेकिन बढ़ते बढ़ते दालों, मसालों, तेल, चावल, आटा आदि की कीमत जहां तक पहुंच गई वहां से नीचे नहीं आने वाली है। इसलिए महंगाई आंकड़ों में जैसी दिखे, वह आम लोगों को चुभने वाली रहेगी। इसका कारण यह भी है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई में 45.9 फीसदी हिस्सा खाने-पीने की चीजों की कीमत का होता है। इसी के आधार पर खुदरा महंगाई का आकलन होता है। इसके अलावा ईंधन का हिस्सा 6.8 फीसदी और कोर सेक्टर का हिस्सा 47.3 फीसदी होता है।

जुलाई में खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक की ओर से तय छह फीसदी की सीमा पार कर 7.4 फीसदी पहुंच गई तो उसके पीछे कारण यह रहा कि खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 11.5 फीसदी पहुंच गई, जो जून में 6.5 फीसदी थी। यानी इसमें पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो खुदरा महंगाई आसमान पर पहुंच गई।

जुलाई के महीने में ईंधन की महंगाई दर 3.6 और कोर सेक्टर की महंगाई दर 4.9 फीसदी रही। खाने-पीने की चीजों में भी सब्जियों की महंगाई जून में 0.9 फीसदी थी, जो जुलाई में 37 फीसदी हो गई। खुदरा महंगाई पर इसका सबसे ज्यादा असर रहा। इसमें और बारीक आंकड़ों में जाएंगे तो हो सकता है कि यह पता चले कि टमाटर और एक-दो दूसरी सब्जियों की कीमतों की वजह से ऐसा हुआ। ऐसे में सवाल है कि पूरे साल अगर किसी न किसी सब्जी या अनाज की कीमत ऊंची रही तो खुदरा महंगाई दर कैसे कम होगी?

मिसाल के तौर पर टमाटर के बाद प्याज की कीमतें बढने की आशंका है, जिसे देखते हुए केंद्र सरकार ने इसके निर्यात को सीमित किया और निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा दिया। बाद में सरकार ने 24 रुपए किलो की दर से दो लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का फैसला किया। प्याज के बाद हो सकता है कि किसी और कृषि उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी हो जाए। ऐसा इसलिए हो सकता है कि मानसून इस बार बहुत खराब रहा है और अगस्त का महीना सूखा गया है, जिससे खरीफ की फसल पर बड़ी मार पड़ी है। धान की खेती वाले इलाकों में पैदावार कम होगी, जिससे चावल की कीमत बढ़ सकती है। खरीफ का सीजन शुरू होने के साथ ही इसकी आशंका शुरू हो गई थी, जिसके बाद गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। पिछले साल इसी तरह गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई गई थी।

इस तरह की नीतियों के दो खतरे हैं। पहला तो इससे दुनिया में देश की साख बिगड़ती है और दूसरे, इसका फायदा न तो किसानों को होता है और न उपभोक्ता को होता है। सो, सरकार को नीतिगत स्थिरता और निरंतरता पर ध्यान देना चाहिए। किसान और उपभोक्ता दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए कम अवधि की और लंबी अवधि की योजना बनानी चाहिए। अनाज और सब्जियों के पीछे पडने की बजाय विनिर्मित उत्पादों और ईंधन के ऊपर ध्यान देना चाहिए। डिब्बाबंद खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। पैकिंग में वजन कम किया गया और कीमत बढ़ाई गई है, जिसे स्रिंक्फलेशन नाम दिया गया है। इसी तरह एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम कीमत के बावजूद भारत में ईंधन की कीमत आसमान छूती रही। डीजल की कीमतें कई बरसों से पेट्रोल की कीमत के बराबर पहुंची है। ईंधन और बेतहाशा टोल वसूली से माल ढुलाई महंगा हुआ है। यह किसी भी उत्पाद की कीमत में सबसे बड़ा फैक्टर बन गया है। किसान के खेत में अनाज व सब्जियां सस्ती हैं फिर भी उन्हें उपभोक्ता तक पहुंचाना इसलिए महंगा हो गया है क्योंकि ईंधन महंगा है, भारी भरकम टोल वसूली है और कारोबारियों का लालच है, जिसकी वजह से महंगाई को ग्रीडफ्लेशन भी नाम दिया जा रहा है।

ईंधन और टोल के अलाव और भी कई फैक्टर हैं, जिनकी वजह से महंगाई की परिघटना स्थायी रहने वाली है। उनमें एक मौसम है।

जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का अतिरेक हर जगह देखने को मिल रहा है। भारत जैसे सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भर रहने वाले देश में अगर समय से बारिश नहीं होती है या सामान्य बारिश नहीं होती है और गरमी व सर्दी दोनों बहुत होते हैं तो फसल खराब होगी। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण दुनिया की आपूर्ति शृंखला बिगड़ी रहने वाली है। मिसाल के तौर पर डेढ़ साल से रूस व यूक्रेन का युद्ध चल रहा है और चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण ताइवान सहित कई इलाकों में तनाव बना हुआ है। इसका असर सप्लाई चेन पर होगा। सो, केंद्रीय बैंक की ब्याज दर हो, मानसून की अनिश्चितता हो, क्लाइमेट चेंज हो, सप्लाई चेन की समस्या हो या कारोबारियों का लालच हो या कोई और कारण हो महंगाई अब स्थायी तौर पर बनी रहने वाली है।

# शरद पवार को अब रिटायर होने की नसीहत!



**नरेंद्र मोदी की भी अडानी के साथ हवाई सफर करते हुए तस्वीर थी, जिसे राहुल गांधी ने संसद में दिखाया था लेकिन वह पुरानी बात हो गई। पिछले छह महीने से कम समय में गौतम अडानी दो बार शरद पवार से उनके घर पर मिलने गए। यह पवार की ताकत है कि मुकेश अंबानी से लेकर रतन टाटा और गौतम अडानी तक उनके घर जाते हैं।**

एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार अनुभवी हैं, महाराष्ट्र जैसे राज्य के चार बार मुख्यमंत्री रहे हैं, केंद्र में मंत्री रहे हैं, हर पार्टी में उनके शुभचिंतक हैं, बहुत चतुर राजनेता हैं लेकिन उनकी असली ताकत क्या है? पवार की असली ताकत कॉरपोरेट के साथ संपर्क हैं। वे देश के संभवतः इकलौते बड़े राजनेता हैं, जो खुलेआम गौतम अडानी से मिलते हैं। नरेंद्र मोदी की भी अडानी के साथ हवाई सफर करते हुए तस्वीर थी, जिसे राहुल गांधी ने संसद में दिखाया था लेकिन वह पुरानी बात हो गई। पिछले छह महीने से कम समय में गौतम अडानी दो बार शरद पवार से उनके घर पर मिलने गए। यह पवार की ताकत है कि मुकेश अंबानी से लेकर रतन टाटा और गौतम अडानी तक उनके घर जाते हैं। देश के कॉरपोरेट की बड़ी इच्छा रही है कि शरद पवार देश के प्रधानमंत्री बनते। लेकिन अब लगता है कि उनका मोहभंग हो रहा है।

जिस समय शरद पवार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई में होने वाली बैठक के लिए प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे उसी समय देश के जाने-माने कॉरपोरेट लीडर डॉक्टर साइरस पूनावाला ने उनके अभियान को पंक्चर कर दिया। पूनावाला ने कहा कि पवार को अब रिटायर हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो बार मौका था, जब पवार प्रधानमंत्री बन सकते थे और प्रधानमंत्री बनने पर वे देश के लिए अच्छा काम करते लेकिन अब उनकी उम्र हो गई है और सेहत साथ नहीं दे रही है इसलिए उनको संन्यास ले लेना चाहिए। वैक्सीन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी सीरम इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया के संस्थापक 82 साल के डॉ. पूनावाला ने अपनी भी मिसाल दी और कहा कि मेरी तरह ही पवार भी उम्रदराज हो गए। बिल्कुल यही बात अजित पवार ने भाजपा के साथ जाने के बाद पवार के लिए कही थी। हालांकि तब पवार की पार्टी ने इसका बड़ा विरोध किया था। अब सवाल है कि क्या किसी योजना के तहत पवार को उम्र और सेहत का हवाला देकर रिटायर होने के लिए मजबूर किया जा रहा है? क्या इस खेल में नेता और कॉरपोरेट दोनों शामिल हैं? जो हो पवार कम से कम अगले लोकसभा चुनाव तक रिटायर नहीं होने जा रहे हैं। पर इतना जरूर है कि पूनावाला ने उनकी महत्वाकांक्षाओं के गुब्बारे में पिन चुभो दिया है।

# विपक्ष के लिए मौका है विशेष सत्र

**हरिशंकर व्यास**

पता नहीं केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने का फैसला करने से पहले इस पर विचार किया या नहीं कि विपक्ष भी इसे मौके में तब्दील कर सकता है। संसद के विशेष सत्र से विपक्ष को सरकार पर हमला करने का मौका और मंच मिलेगा। अगर किसी भी मुद्दे पर चर्चा होती है तो सरकार विपक्षी पार्टियों के सांसदों को बोलने से नहीं रोक सकती है। अगर बोलने से रोकती है तो विपक्ष को दबाने और लोकतंत्र कमजोर करने का नैरेटिव बनाने में विपक्ष को मदद मिलेगी। ध्यान रहे मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर या उससे पहले बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण की काफी तारीफ हुई थी और सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोगों ने उसे देखा था। दोनों सदनों में विपक्ष के दूसरे नेताओं के भाषण भी चर्चा में रहते हैं।

परिस्थितियों के कारण विपक्ष के पास इस समय कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सरकार घिरेगी। संसद सत्र में विपक्षी पार्टियां इन मुद्दों का जम कर इस्तेमाल कर सकती हैं। एक मुद्दा अडानी समूह का है। विपक्ष इस साल जनवरी में संसद के बजट सत्र के समय से इस मुद्दे को उठा रहा है। जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई थी तभी विपक्षी पार्टियों ने इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग की थी। अब राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके फिर से कहा है कि सरकार अडानी समूह की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी का गठन करे। विशेष सत्र में विपक्ष जेपीसी की मांग लेकर हंगामा करेगा। अगर संसद में यह मुद्दा उठाने की इजाजत नहीं दी गई तो संसद भवन के परिसर में इस मुद्दे पर प्रदर्शन होगा।

पिछली बार सरकार यह कहते हुए जेपीसी का गठन टाल रही थी कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बना दी थी। साथ ही बाजार नियामक सेबी को भी जांच करने के लिए कहा था। अब विशेषज्ञों की कमेटी की रिपोर्ट भी आ गई है और पांच महीने के जांच के बाद सेबी ने भी अपनी रिपोर्ट दे दी है। इसके बाद अडानी समूह को लेकर नई रिपोर्ट आई है। इसमें कृत्रिम तरीके से शेयरों के दाम बढ़ाने के साथ-साथ कई एजेंसियों की मिलीभगत की ओर भी इशारा किया गया है। राहुल गांधी ने भी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में सवाल उठाया



**पिछली बार सरकार यह कहते हुए जेपीसी का गठन टाल रही थी कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बना दी थी। साथ ही बाजार नियामक सेबी को भी जांच करने के लिए कहा था। अब विशेषज्ञों की कमेटी की रिपोर्ट भी आ गई है और पांच महीने के जांच के बाद सेबी ने भी अपनी रिपोर्ट दे दी है। इसके बाद अडानी समूह को लेकर नई रिपोर्ट आई है। इसमें कृत्रिम तरीके से शेयरों के दाम बढ़ाने के साथ-साथ कई एजेंसियों की मिलीभगत की ओर भी इशारा किया गया है। राहुल गांधी ने भी अपनी प्रेस कांफ्रेंस में सवाल उठाया कि सेबी के जिस अधिकारी ने अडानी समूह की जांच की वे बाद में कैसे अडानी समूह की मीडिया कंपनी में निदेशक बन गए? सो, ऐसा लग रहा है कि विशेष सत्र बुला कर सरकार ने विपक्ष को यह मुद्दा उठाने का मौका दे दिया है।**

कि सेबी के जिस अधिकारी ने अडानी समूह की जांच की वे बाद में कैसे अडानी समूह की मीडिया कंपनी में निदेशक बन गए? सो, ऐसा लग रहा है कि विशेष सत्र बुला कर सरकार ने विपक्ष को यह मुद्दा उठाने का मौका दे दिया है।चीन का मुद्दा सरकार को बहुत भारी पड़ सकता है। संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने से ठीक पहले चीन ने अपना आधिकारिक नक्शा जारी किया, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया। भारत की ओर से कूटनीतिक प्रतिरोध दर्ज कराने के बाद चीन के विदेश मंत्री के प्रवक्ता ने बयान दिया तो कहा कि भारत इस पर ओवररिएक्ट कर रहा है, अरुणाचल और अक्साई चिन कानूनी रूप से चीन का हिस्सा हैं। सोचें, यह विश्वगुरू भारत की हकीकत है! इसके बाद यह भी खबर आई कि चीन अक्साई चिन में सुरंग बना रहा है। राहुल गांधी ने चीन के मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा कि चीन भारत की जमीन हड़प रहा है लेकिन सरकार चुपचाप बैठी है। सो, चीन का मुद्दा भी विपक्षी पार्टियां संसद में जोर-शोर से उठाएंगी।

इसी तरह महंगाई का मुद्दा है। संसद का मानसून सत्र खत्म होने के बाद जुलाई महीने की खुदरा महंगाई का डाटा आया, जिसमें बताया गया कि महंगाई दर 7.7 फीसदी से ज्यादा हो गई है। यह रिर्जव बैंक की ओर से तय की गई छह फीसदी की अधिकतम सीमा से काफी ज्यादा है। खराब मानसून और अल नीनो की वजह से खरीफ की फसल प्रभावित हुई है। इसका असर आने वाले दिनों में दिखेगा। तभी सरकार महंगाई काबू में करने और अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा रही है। प्याज के निर्यात को भी सीमित किया गया है। सो, खाद्यान्न को लेकर सरकार की नीतियां और महंगाई का मुद्दा भी विपक्ष उठाएगा, जिस पर सरकार के लिए जवाब देना मुश्किल होगा।

इसके अलावा मणिपुर का मुद्दा है। जिस दिन केंद्र सरकार ने विशेष सत्र बुलाने का ऐलान किया उसी दिन राज्य में कई जगह गोलीबारी की खबर आई और एक लोकप्रिय लोक गायक सहित पांच लोग मारे गए। सरकार शांति बहाली का दावा कर रही थी लेकिन गुरुवार की घटना ने सरकार की पोल खोल दी। जैसे तैसे राज्य सरकार ने विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था लेकिन वह सत्र भी नहीं चल सका। कुकी-जोमी समुदाय के विधायकों ने इसका बहिष्कार किया। सरकार ने हंगामे की वजह से बिना सदन में पेश किए एक प्रस्ताव स्वीकार करने का ऐलान कर दिया, जिसमें बातचीत और संवैधानिक तरीके से विवाद सुलझाने की बात कही गई है। लेकिन हकीकत यह है कि राज्य में कोई सुलह समझौता होता नहीं दिख रहा है और मणिपुर से सटे मिजोरम में विधानसभा का चुनाव होना है।

# पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्यों करनी पड़ती वजन घटाने में ज्यादा मशक्कत, जानें कारण

वजन घटाना आसान नहीं होता है. पुरुषों की तुलना में महिलाओं को इसके लिए ज्यादा मशक्कत करनी पड़ती है. दरअसल, महिलाओं का वजन काफी तेजी और जल्दी बढ़ता है. उन्हें इसे कम करने के लिए भी ज्यादा मेहनत की जरूरत होती है. आइए जानते हैं इसका क्या है कारण और एक्सपर्ट क्या कहते हैं...

**वेट लूज करने में महिलाओं को क्यों होती है ज्यादा परेशानी तेजी से बढ़ता है महिलाओं का वजन** महिलाओं का वजन पुरुषों के मुकाबले तेजी से बढ़ता है. प्यूबर्टी के वक्त से ही फैट बढना शुरू हो जाता है. जब प्यूबर्टी आता है, तब ज्यादातर लड़कियों का वजन बढ़ जाता है. हालांकि, एडल्टहुड तक लडके और लडकी दोनों की बॉडी में फैट की मात्रा 35 से 40 प्रतिशत तक होती है. अब चूंकि महिलाएं में आसानी से वेट गेन हो जाता है, इसलिए वेट लॉस के लिए उन्हें ज्यादा और कड़ी मेहनत करनी पड़ती है.



**महिलाओं में धीमा होता है मेटाबॉलिज्म** महिलाओं में मेटाबॉलिज्म स्लो होने के कारण एक नॉर्मल फिजिकल एक्टिविटीज को करने के बाद भी पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम कैलोरी ही बर्न कर पाती है. इस वजह से महिलाओं के लिए वेट लूज करना काफी चैलेंजिंग हो जाता है.

**फैट स्टोरेज कैपेसिटी का अलग होना** पुरुष और महिला दोनों की बॉडी में फैट डिस्ट्रीब्यूशन और स्टोरेज कैपेसिटी अलग-अलग होती है. पुरुष के पेट के आसपास के हिस्सों में फैट जमा होता है, जबकि महिलाओं में हिप और थाइज के एरिया में फैट स्टोर होता है. इसके लिए हार्मोनल पैटर्न जिम्मेदार माने जाते हैं. हिप और थाइज में जो फैट जमता है, वो काफी जिद्दी होता है. जिसकी वजह से महिलाओं को वजन कम करने के लिए काफी मशकक्त करनी पड़ती है.

**फैट बर्न करना महिलाएं को लिए चैलेंजिंग**

महिलाओं की तुलना में पुरुषों के शरीर में ज्यादा मांसपेशियां होती हैं. जिसकी वजह से महिलाओं की फैट बर्निंग कैपेसिटी काफी कम होती है. फैट बर्न करने में मांसपेशियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. इसलिए महिलाओं को वजन कम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है.

## अमेरिका : हवाई द्वीप माउई में जंगल की आग में कम से कम 385 लोग लापता

लॉस एंजेलिस , एजेंसी। अमेरिका के हवाई द्वीप माउई में जंगल की आग में कम से कम 385 लोग लापता हो गए हैं।

माउई पुलिस विभाग और अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में कहा, 24 अगस्त को जारी लापता लोगों की पहली सूची में यह आंकड़ा 388 से कम है।

अधिकारियों के अनुसार, 3,000 से अधिक व्यक्तियों को सुरक्षित पाया गया है, जिनके बारे में पहले बताया गया था कि उनका कोई पता नहीं है। उनके नाम जनता को उपलब्ध करा दिए गए हैं।

8 अगस्त को शुरू हुई जंगल की आग में कम से कम 115 लोग मारे गए हैं। यह आग हवाई के इतिहास की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदाओं में से एक बन गई है और यह एक सदी से भी अधिक समय में सबसे घातक अमेरिकी जंगल की आग है।

## पिकअप वैन और कार के बीच भीषण टक्कर, तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत

पीलीभीत ,एजेंसी । पीलीभीत–सीतापुर राजमार्ग पर एक कार और पिकअप वैन के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार सुबह हुआ और मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यात्री एक ही परिवार के थे और छुट्टियां मनाने के लिए नैनीताल जा रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब कार के ड्राइवर अब्दुल्ला को नींद आ गई। मृतकों की पहचान अब्दुल्ला, बतूल, मरियम और सायमा के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को जीवित बचे लोगों और परिवारों को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## महिलाओं से दुर्व्यवहार की घटनाओं के खिलाफ पुरजोर आवाज़ उठाने की जरूरतः पायलट

जयपुर ,एजेंसी । राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने प्रतापगढ़ जिले के धरियावद क्षेत्र में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार की घटना को मानवता को शर्मसार करने वाली बताते हुए कहा है कि ऐसी घटनाओं के खिलाफ पुरजोर आवाज़ उठाने की जरूरत है ताकि एक सभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके।पायलट ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात कही। उन्होंने कहा प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद क्षेत्र में एक महिला के साथ हुई हैवानियत की खबर मानवता को शर्मसार करने वाली है। हमारे समाज और संस्कृति में ऐसी शर्मनाक घटनाओं की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद राजस्थान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके एक्शन लिया है और इस मामले में फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मगर एक समाज के नाते हमें ऐसी घटनाओं के खिलाफ पुरजोर आवाज़ उठानी होगी। तभी हम अपनी बहन–बेटियों के लिए एक सभ्य और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकेंगे।

## महिला का ज्वैलरी से भरा पर्स चोरी

काशीपुर। नगर निगम के पास महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में सोने की ज्वैलरी व अन्य चांदी के आइटम थे। पीड़िता ने कुछ महिलाओं पर पर्स चोरी करने का शक जाहिर किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दुर्गा कालोनी निवासी पार्वती देवी पत्नी सुरेश चन्द्र बलोदी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 28 अगस्त को सायं करीब 6 बजे वह नगर निगम के पास एक ज्वैलर्स की दुकान के सामने से जा रही थी।

# राजस्थान में आपदा प्रभावितों को मानवीय दृष्टिकोण के साथ राहत उपलब्ध कराने का किया जा रहा है काम : गहलोत



**जयपुर ,एजेंसी** । राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित प्रत्येक नागरिक के लिए मानवीय दृष्टिकोण के साथ राहत उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है और उसके प्रयास फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ नियमों में संशोधन किया है, जिसका प्रदेश के किसानों को फायदा मिलने लगा है। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी प्रकार की आपदा में न्यूनतम हानि तथा अधिकतम राहत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ नॉर्म्स में संशोधन किया है।

उल्लेखनीय है कि गहलोत ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कृषि आदान–अनुदान को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि बीमा दावे के विरूद्ध समायोजित करने के प्रावधान को समाप्त करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के इस आग्रह पर केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ नॉर्म्स में संशोधन किया। अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि बीमा में समायोजन किए बिना सीधे ही प्रभावित किसानों को अलग से इनपुट सब्सिडी की पूरी राशि भी दी जा रही है। इससे किसानों को इनपुट सब्सिडी का तत्काल भुगतान होगा तथा फसल बीमा राशि का भी पृथक से भुगतान हो सकेगा।

गहलोत ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पुराने तथा नये क्लेमों का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को 2022–23 की समस्त इनपुट सब्सिडी भी आगामी 15 सितम्बर तक वितरित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020–21 से वर्ष 2022–23 के दौरान लगभग 30.15 लाख काश्तकारों को 2595.57 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी गई है, जिसमें वर्ष 2022–23 में 6.82 लाख कृषकों को 800 करोड़ रूपये की इनपुट सब्सिडी शामिल है।

बैठक में विभिन्न आपदाओं के दौरान पूर्व में दी गई तत्काल सहायता एवं स्वीकृतियों का कार्योत्तर अनुमोदन भी किया गया। इनमें कोविड–19 से मृत्यु होने पर मृतकों के आश्रितों को एसडीआरएफ से अनुग्रहिक सहायता (प्रति मृतक 50 हजार रूपये) के भुगतान के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को वर्ष 2021–22 में 137.56 करोड़ एवं वर्ष 2022–23 में 53 करोड़ रूपये का बजट आवंटन एवं मानसून वर्ष 2022 में अतिवृष्टि/बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों सडकों, बांधों, नहरों, भवनों आदि के 208.54 करोड़ रुपए के 8599 राहत कार्य सम्मिलित हैं।

## एएसआई ने कोर्ट में दायर किया आवेदन, ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण पूरा करने को आठ सप्ताह और मांगे

**वाराणसी ,एजेंसी** । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने वाराणसी की एक अदालत में एक आवेदन दायर कर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ सप्ताह का और समय मांगा है। इसकी समय सीमा दो सितंबर को समाप्त हो गई। एएसआई 4 अगस्त से ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद हिस्से को छोडक़र बैरिकेड वाले क्षेत्र में सर्वेक्षण कर रहा है। एएसआई की ओर से भारत सरकार के स्थायी सरकारी वकील अमित कुमार श्रीवास्तव ने अर्जी दाखिल की।

श्रीवास्तव ने कहा, हमने अदालत से प्रार्थना की कि ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट जमा करने के लिए एएसआई को आठ सप्ताह का और समय दिया जाए, क्योंकि सर्वे अभी चल रहा है। श्रीवास्तव ने कहा, हमारा आवेदन अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (प्रथम) की अदालत के समक्ष रखा गया। उन्होंने मामले को सुनवाई के लिए जिला न्यायाधीश के समक्ष रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आठ आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद ,एजेंसी** । पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पुलिस ने दो अलग–अलग अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने कहा कि उन्होंने एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रांत के वाशुक जिले में एक ऑपरेशन चलाया।बयान में कहा गया है कि घर पर छापेमारी के दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां बरसाकर भागने की कोशिश की, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और दो भागने में सफल रहे।बयान में कहा गया है कि पुलिस ने उस परिसर से हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किया, जहां इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकवादी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे।हमले के बाद भाग रहे आतंकवादियों को पकडऩे के लिए सीटीडी ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

# इंडिया गठबंधन में टीएमसी की मौजूदगी पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस का विद्रोह गंभीर



**कोलकाता ,एजेंसी** । कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने मुंबई में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की तीसरी बैठक के दौरान मंच साझा किया। वहीं सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम व बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ने पांच सितंबर को धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला।

राहुल गांधी, ममता बनर्जी और येचुरी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ एकजुट विपक्ष को मजबूत बनाने के लिए एक ही लाइन अपना रहे हैं, जबकि चौधरी और सलीम ने स्पष्ट कर दिया कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस उनकी मुख्य दुश्मन है। सलीम और चौधरी दोनों ने तृणमूल कांग्रेस को भाजपा का गुप्त लाभार्थी बताया।रैली में सलीम और चौधरी ने कहा, नरेंद्र मोदी पूरे देश को लूट रहे हैं, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को लूट रही हैं। कांग्रेस धुपगुड़ी में सीपीआई (एम) उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय का समर्थन कर रही है।

तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सलीम और चौधरी के तीखे हमलों का खंडन किया है और दोनों को भाजपा का गुप्त एजेंट बताया है। पार्टी प्रवक्ता रिजु दत्ता ने मांग की है कि कांग्रेस आलाकमान को चौधरी को अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय नीति की अनदेखी करने के लिए सावधान करना चाहिए।

उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब ममता बनर्जी, राहुल गांधी और सीताराम येचुरी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से लडऩे के लिए एक साथ हैं, सलीम और चौधरी भाजपा के गुप्त एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी वजह से है कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टियां शून्य पर आ गईं, क्योंकि उन्होंने विपक्षी वोटों को विभाजित करके भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश की।

इस बीच, राज्य कांग्रेस में असंतोष की सुगबुगाहट शुरू हो गई है, क्योंकि पार्टी आलाकमान के निर्देश के बाद राज्य कांग्रेस के बागी नेता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील कौस्तव बागची, जो हमेशा पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साझेदारी के खिलाफ मुखर रहे थे, को पश्चिम बंगाल में पार्टी की प्रवक्ता सूची से हटा दिया गया।

बागची पर आरोप है कि वह तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ तो मुखर थे, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर भाजपा के बारे में आश्चर्यजनक रूप से चुप थे। उन पर सुप्रीम कोर्ट और कलकत्ता हाई कोर्ट में भ्रष्टाचार के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेताओं के लिए कानूनी जानकारी देने के लिए अभिषेक मनु सिंघवी और पी चिदंबरम जैसे कांग्रेस नेताओं और अधिवक्ताओं की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने का भी आरोप है।

लेकिन, पार्टी प्रवक्ताओं की सूची से हटाने का पार्टी आलाकमान का फैसला बागची को चुप नहीं करा सका और उन्होंने दावा किया है कि कोई भी सजा राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ उनकी आवाज को दबा नहीं सकती है या उन्हें तृणमूल कांग्रेस को चोरों की पार्टी कहने से नहीं रोक सकती है। बागची की टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर राज्य के आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बड़े पैमाने पर समर्थन मिला है, जिन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में संपन्न राज्य पंचायत चुनावों के दौरान कई कार्यकर्ताओं के मारे जाने और टीएमसी के कांग्रेस नेताओं को लुभाने की कोशिश के कारण तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौता अकल्पनीय है। बागची की बढ़ती लोकप्रियता ने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंदरूनी सूत्रों को चिंतित कर दिया है कि अगर यह जारी रहा तो कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में एक और पलायन का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, भाजपा का राज्य नेतृत्व, खासकर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, इस मुद्दे पर कांग्रेस में बढ़ती अशांति का फायदा उठाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। अधिकारी ने बागची को भाजपा में शामिल होने का खुला आह्वान करते हुए तृणमूल विरोधी लोगों से भी अपील की है कि वे या तो भाजपा में शामिल हों या एक स्वतंत्र तृणमूल विरोधी मंच बनाएं।

## क्रूरता की हदें पार : चोरी के शक में दो युवकों को उल्टा लटकाकर पीटा, नीचे लगा दी आग

**हैदराबाद एजेंसी** । तेलंगाना के मनचेरियल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरी के संदेह में एक दलित सहित दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा गया। यह घटना शुक्रवार को हैदराबाद से लगभग 300 किलोमीटर दूर मनचेरियल जिले के मंदामरि में हुई। पीड़ितों को न सिर्फ उल्टा बांधा गया बल्कि उनके नीचे आग भी जलाई गई और दोनों की पिटाई की गई। प्रताडऩा का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया।

भेड़ फार्म में काम कर रहे तेजा (19) और उसके दलित दोस्त किरण (30) को मालिक और उसके परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और शेड में उल्टा बांध दिया।

करीब 20 दिन पहले शेड से एक बकरी और कुछ लोहे की छड़ें चोरी हो गई थी। मालिक कोमुराजुला रामुलु और उनके परिवार के सदस्यों को तेजा और उसके दोस्त पर संदेह था। दोनों को पकडक़र छप्पर में ले आये और उल्टा बांध कर पिटाई की।

# राहुल गांधी ने राजद सुप्रीमो लालू के साथ उठाया चंपारण के मटन का स्वाद



**नई दिल्ली ,एजेंसी** । कांग्रेस ने राहुल गांधी की दिल्ली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात का एक वीडियो जारी किया, जहां उन्होंने चंपारण के मटन का स्वाद लेने के साथ राजनीति पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात 4 अगस्त को हुई थी। मोदी उपनाम मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के कुछ घंटों बाद राहुल राजद प्रमुख के आवास पर गए थे। कांग्रेस की ओर से यह वीडियो जारी किया गया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा, लालू जी, मैंने और मीसा ने मिलकर खाना बनाया और खाया।

वीडियो में राहुल गांधी कहते नजर आ रहे हैं कि लालू जी, आखिर क्या वजह है कि बीजेपी हर 15–20 साल में नफरत फैलाने आ जाती है?, जवाब में लालू कहते हैं, सत्ता की भूख ऐसी चीज है जो कभी नहीं मिटती। राहुल कहते हैं, लेकिन जब अर्थव्यवस्था बेहतर चल रही होती है, तो नफरत का प्रसार सीमित होता है और जब आर्थिक स्थिति खराब होती है, तो यह (नफरत का प्रसार) बढ़ जाता है। जैसे अब, आर्थिक स्थिति खराब है और नफरत फैलाई जा रही है।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जो मेहमाननवाजी के लिए मौजूद थे, उन्होंने कहा, मेवात में क्या हुआ, लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। सब कुछ बंद हो गया, स्कूल बंद हो गए। लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी से कहा, आपके माता–पिता और दादा–दादी देश को अच्छे रास्ते पर ले गए, आज की पीढ़ी को यह नहीं भूलना चाहिए।

पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों का दौरा किया है। वह बेंगी बाजार, जामा मस्जिद क्षेत्र, मुखर्जी नगर, आजादपुर मंडी और करोलबाग गए। वह अपनी यात्राओं के वीडियो जनता के बीच साझा करते रहे हैं।

उन्होंने हरियाणा के सोनीपत में खेतों का भी दौरा किया था, एक खेत में कीचड़ के बीच जाकर धान के पौधे की रोपाई की थी। उनके साथ रोपनी करने वाले खेतिहर मजदूरों को दिल्ली बुलाकर अपने घर में खाना खिलाया था। बाद में हरियाणा के मुरथल से अंबाला तक ट्रक में यात्रा की थी। उन्होंने आजादपुर सब्जी बाजार में काफी महंगा टमाटर न खरीद पाने से मायूस एक खुदरा सब्जी विक्रेता और उसके परिवार को अपने घर बुलाकर उससे बातचीत की थी और उन्हें खाना भी खिलाया था।

# राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी का तंज, 53 साल की उम्र में नहीं होती है शादी



**नई दिल्ली ,एजेंसी** । लखीमपुर खीरी से सांसद और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने राहुल गांधी की शादी को लेकर तंज कसा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 53 साल की उम्र में कहीं शादी होती है? केंद्रीय मंत्री यहीं पर नहीं रुके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कुछ बुड्ढे बड़े शौकीन होते हैं, शादी कर लें तो मोहल्ले वाले क्या कहेंगे'। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के इस टिप्पणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो लखीमपुर खीरी जिले के निघासन का बताया जा रहा है।दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी अपने गृह क्षेत्र निघासन के गांव लुधौरी में जनता को संबोधित करने पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा। अजय मिश्र टेनी ने राहुल गांधी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन के सभी नेता चाहते हैं कि किसी तरह मोदी को हटा दो। बिहार, कनार्टक और मुंबई में हुई इंडिया गठबंधन की मीटिंग पर तंज कसते हुए टेनी ने कहा, बैठक में ये लोग बात करते हैं कि 53 साल के राहुल गांधी की शादी हो जाए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, जो खुद सजायाफ्ता हो और बीमारी का बहाना करके जेल से बाहर आया हो वो आदमी कह रहा है कि हम मोदी को हराएंगे। पूरा परिवार जांच के दायरे में हैं। उन्होंने कहा, एक समय था जब ये लोग सत्ता में थे, जो चाहते थे करते थे। राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमलावर हुए मंत्री टेनी ने कहा, ये लोग ग्राम प्रधान का चुनाव तक नहीं जीत सकते। इनको सियासत विरासत में मिली है। परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से ही इनकी राजनीति चलती है, इसलिए ये सभी इक्_ा हुए हैं।

# झूठी शान की खातिर 18 साल हत्या के लिए इंतजार करता रहा मामा, पहले जीजा—बहन फिर भांजे को दी मौत



**बागपत ,एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के बड़ौत में मलकपुर गांव के अमन की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही मामा ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर की थी। झूठी शान की खातिर भांजे की हत्या के लिए मामा ने 18 साल लंबा इंतजार किया और आखिरकार व अपने खौफनाक मंसूबों में कामयाब भी हो गया।

बड़ौत के मलकपुर गांव का अमन भी झूठी शान के भेंट चढ गया। उसके ही मामा ने अमन को मारने के लिए 18 साल तक लंबा इंतजार किया और जैसे ही उसे मौका मिला, उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने भांजे को अपने ही हाथों मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि आरोपी अमित के सिर पर झूठी शान का बोझ था। दरअसल, वर्ष 2004 में मृतक अमन का पिता निरमेश परिवार की मर्जी के खिलाफ अमित की बहन को अपने साथ मलकपुर ले आया था और दोनों ने शादी कर ली थी, तभी से अमित के सिर पर खून सवार था। हत्यारोपी अमित व मृतक अमन का पिता निरमेश काफी अच्छे दोस्त थे। दोनों का एक–दूसरे के घर पर आना–जाना था। इस दौरान निरमेश को अमित की बहन से प्रेम प्रसंग हो गया और अमित की बहन भी निरमेश को पंसद करने लगी थी। इस बात का जब अमित को पता चला, तो उसने निरमेश के साथ मारपीट की और दोस्ती तोड़ दी थी जिसके बाद निरमेश अमित की बहन को परिवार की मर्जी के खिलाफ मलकपुर गांव ले आया था और उसके साथ शादी रचा ली थी। शादी के बाद बेटा अमन पैदा हुआ। घर में खुशी का माहौल था, लेकिन अमित के सिर पर खून सवार था, उसने पहले निरमेश का अपहरण किया और बड़ौत में आवास विकास कालोनी में लाकर उसकी हत्या कर दी थी।उसके कुछ दिनों बाद अमित ने अपने बहन को भी गायब कर दिया था, जिसका आज तक पता नहीं चल सका। तब अमन मात्र दो साल का था। उसके बाद भी अमित के सिर पर झूठी शान का बोझ था और वह अमन की भी हत्या करना चाहता था, लेकिन उसे मौका नहीं मिला। इस दौरान अमित ने कई और भी अपराधिक घटनाएं की, जिसमें वह कई बार जेल भी गया।जमानत पर बाहर आने के बाद अमन पर रखता था नजर

विभिन्न मामलों में सजा काट रहा अमित जब भी कोर्ट से जमानत लेकर बाहर आता, वह अमन पर नजर रखता, लेकिन उसे कभी अमन की हत्या करने का मौका नहीं मिला। 18 साल लंबे इंतजार के बाद अमित ने आखिरकार मौका ढूंढ लिया और उसने अपने दोस्तों के साथ अमन को मौत के घाट उतार दिया। अमन को भी पिता और मां की हत्या का कारण पता चल गया था और अमन भी मामा की जान का दुश्मन बन गया था। अमन अमित को मारता, इससे पहले ही अमित ने योजना बनाकर अमन को मौत के घाट उतार दिया।

अमन की हत्या कर शव को यमुना नदीं में फेंक दिया गया था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से यमुना में अमन के शव की तलाश की, लेकिन शव नहीं मिल सका।

अमित को अपने भांजे से खतरा पैदा हो गया था। अमन मामा के खिलाफ कुछ करता, इससे पहले ही अमित ने अपने भांजे की हत्या की साजिश रच दी और कई ऐसे युवकों को शामिल किया, जो उसके भी दोस्त थे और अमन के भी।

# बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे लॉकी फर्ग्यूसन




ऑकलैंड , । न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। फर्ग्यूसन, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे के मैचों में टीम का नेतृत्व किया था, नियमित एकदिवसीय कप्तान केन विलियमसन की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि वह दाहिने घुटने की चोट से उबर रहे हैं, और उनके डिप्टी टॉम लैथम, जो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और बांग्लादेश के टेस्ट दौरे से पहले घर पर समय बिताने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, लॉकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अनुभवी गेंदबाज है, और यह उसके लिए न केवल गेंदबाजी समूह बल्कि पूरी टीम के साथ आगे बढक़र नेतृत्व करने का एक अवसर है। उन्होंने इंग्लैंड में अभ्यास मैचों के लिए भूमिका में कदम रखा और कई गतिशील भागों के साथ एक समूह का नेतृत्व किया।

लैथम के साथ-साथ डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर और टिम साउदी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे।

एनजेडसी ने कहा कि नियमित खिलाडिय़ों को वनडे विश्व कप टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करने और उसकी तैयारी के लिए एक छोटा ब्रेक दिया गया है, जिसके लिए वे बांग्लादेश श्रृंखला शुरू होने के 12 दिन बाद ही एकत्र होंगे।

खिलाडिय़ों के कार्यभार को प्रबंधित करने की आवश्यकता के कारण टीम में 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप टीम के पांच खिलाडिय़ों और एकदिवसीय क्रिकेट में नए खिलाडिय़ों के एक समूह सहित एक अनुभवी कोर शामिल है।

अब से लेकर अप्रैल में पाकिस्तान दौरे के अंत तक, जिसमें विश्व कप और नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत भी शामिल है, हमारे पास एक बहुत ही पूर्ण कार्यक्रम है, इसलिए खिलाडिय़ों और कर्मचारियों को सही समय पर तरोताजा और तैयार रखने की कोशिश करना सर्वोपरि है। स्टीड ने कहा, कार्यभार को संतुलित करने से अवसर भी मिलते हैं और समूह में अलग-अलग खिलाडिय़ों का होना और बांग्लादेश जैसे माहौल में सीखना रोमांचक है। यह भ्रमण के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह हो सकती है और अगले कुछ महीनों में विभिन्न परिस्थितियों में जल्दी से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण होगा। एनजेडसी ने यह भी कहा कि मार्क चैपमैन और जिमी नीशम के चयन पर विचार नहीं किया गया क्योंकि यह दौरा क्रमशः उनके पहले बच्चों के जन्म के साथ या उसके तुरंत बाद का है। कई नियमित खिलाडिय़ों की अनुपस्थिति का मतलब है कि डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने टी20 पदार्पण से न्यूजीलैंड वनडे टीम में अपना पहला चयन अर्जित किया है। जब भी किसी खिलाड़ी को पहली बार चुना जाता है तो यह रोमांचक होता है और डीन ने पिछली गर्मियों में वोल्ट्स के अग्रणी व्हाइट-बॉल रन स्कोरर के रूप में दिखाया था कि उसके पास कितनी प्रतिभा है।

# श्रीलंका ने इंग्लैंड को पहली बार महिला टी20 में हराया



चेम्सफोर्ड ,श्रीलंका की इंग्लैंड पर पहली बार टी-20 में आठ विकेट की आश्चर्यजनक जीत में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के जरिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद कप्तान चामरी अटापट्टू ने इस जीत को टीम के लिए बहुत बड़ी बताया।

चामरी ने 40 गेंदों में 55 रन बनाए और इंग्लैंड के 104 रनों के स्कोर को 6.4 ओवर शेष रहते हासिल करने में श्रीलंका की अगुवाई की। गेंद के साथ, उन्होंने शुरुआती ओवर में डैनी व्याट को आउट कर श्रीलंका के लिए शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की नींव रखी और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

उन्होंने मैच के बाद कहा, मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। हमने पिछले गेम से बहुत सी चीजें सीखीं और हमने यहां सभी सही योजनाओं को क्रियान्वित किया। एक कप्तान के रूप में, एक टीम के रूप में, यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। श्रीलंका में महिला क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी बात है।

मुख्य कोच मलिंडा वर्नापुरा ने चामरी के हरफनमौला प्रदर्शन की प्रशंसा की। चामरी लंबे समय से शानदार क्रिकेट खेल रही है। यह देखना अच्छा लगता है। जब चामरी बल्लेबाजी कर रही होती है तो पुरुषों का खेल देखने से कोई फर्क नहीं पड़ता है, जिस तरह से वह गेंद को इतनी जोर से मारती है और चिंता नहीं करती है। वह दुनिया में हमारे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक है। इंग्लैंड को हराने से पहले, श्रीलंका ने टी20 में पहली बार घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड को भी हराया था और इस साल फरवरी में महिला टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच में भी दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। श्रीलंका के पूर्व पुरुष बल्लेबाज वर्नापुरा ने स्वीकार किया कि महिला टीम के साथ जुडऩा एक रोमांचक समय था।

# 132वें डूरंड कप के फाइनल में मोहन बागान का मुकाबला ईस्ट बंगाल से

कोलकाता , देश के दो सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब, मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल रविवार को यहां विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में 132वें डूरंड कप के स्वप्निल फाइनल में भिड़ेंगे। भारतीय फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए, इससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता क्योंकि मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) और इमामी ईस्ट बंगाल (ईईबी) तीन प्रतिष्ठित और चमचमाती डूरंड ट्रॉफियों पर अपना हाथ रखने का अधिकार हासिल करने के लिए आमने-सामने हैं।

इस संस्करण के ग्रुप चरण में दो स्थानीय टीमों के बीच पहली भिड़ंत का परिणाम ईईबी के लिए अनुकूल रहा क्योंकि नंदकुमार शेखर की स्ट्राइक ने अंतर पैदा कर दिया। वे फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं, इससे पता चलता है कि वे इस टूर्नामेंट में कितने मजबूत रहे हैं।

ईईबी को रविवार के ब्लॉकबस्टर में आसान समूह में शामिल किया गया था, जबकि मोहन बागान को नॉकआउट में मुंबई सिटी और एफसी गोवा से आगे निकलना था। लेकिन गोकुलम केरल और उभरती हुई नॉर्थईस्ट यूनाइटेड भारतीय फुटबॉल में किसी भी टीम के लिए आसान मैच नहीं हैं और ईस्ट बंगाल को ग्रैंड फिनाले तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

दोनों टीमें अच्छी फॉर्म में हैं और ईईबी के मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्राट निश्चित रूप से प्री-मैच प्रेसर में स्पष्टता और आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

कुआड्राट ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, बांग्लादेश सेना टीम के साथ ड्रा के बाद, हमने टीम के बीच बात की। हमारे सत्रों में सुधार हुआ।



फिर हमने मोहन बागान को हराया और डर्बी जीता। फिर मैच दर मैच हमने सुधार किया और अब हम फाइनल में हैं।

पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 2016 में मोहन बागान को लगातार दो मैचों में हराया था। इसलिए काफी समय हो गया है। इसलिए इस बार हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

एमबीएसजी मैनेजर जुआन फेरांडो, बहुत अधिक भावनाओं को धोखा देने वालों में से नहीं हैं, उन्होंने भी कहा कि यह बहुत अच्छा होगा यदि वे ट्रॉफी जीत सके। उन्होंने कहा, मैं अपने अब तक के प्रदर्शन से खुश हूं। हमने मुंबई और एफसी गोवा जैसी कुछ अच्छी टीमों से खेला है। और हम फाइनल में एक और अच्छी टीम से भिडऩे जा रहे हैं। इसलिए, अगर हम ट्रॉफी जीत सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। हम प्रीसीजन में हैं और हम जिस तरह से प्रगति कर रहे हैं उससे मैं खुश हूं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए, अतीत अतीत है, हर मैच अलग है, ईमानदारी से कहूं तो पिछले डर्बी में मेरा ध्यान एएफसी कप मैच पर ज्यादा था लेकिन अब मुझे खुशी है कि मेरे खिलाड़ी ग्रुप स्टेज पास कर चुके हैं। और कल हमारे पास एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का मौका है। यह हमारे लिए एक अच्छा लक्ष्य और अच्छी चुनौती है। हम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

आयोजकों को रविवार को वीवाईबीके में 50,000 से 60,000 प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है और दोनों कोचों द्वारा ट्रॉफी की महत्वाकांक्षा व्यक्त करने के साथ, एक मनोवैज्ञानिक और सामरिक लड़ाई भी होने वाली है। स्पैनिश डीप डिफेंडर हेक्टर युस्टे एमबीएसजी डिफेंस के केंद्र में उस सामरिक लड़ाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे और वह पहले डर्बी से चूक जाने के कारण वहां से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्सुक दिखे। मुझे कोई आपत्ति नहीं है. मुझे सिर्फ फुटबॉल खेलना पसंद है, मैं कीपर की भूमिका भी निभाऊंगा, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह फाइनल में तीन सदस्यीय या चार सदस्यीय डिफेंस को प्राथमिकता देंगे तो उन्होंने चुटकी ली। हेक्टर ने आगे कहा, मैं रविवार सुबह पहुंचा। और मैंने खेला. इसलिए, मैं एएफसी कप में अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके खुश हूं। हाँ, निश्चित रूप से मैंने डर्बी के बारे में सुना है। कई लोगों ने मुझे बताया, यह कठिन होने वाला है क्योंकि शारीरिक रूप से हम 100 प्रतिशत तैयार नहीं हैं। लेकिन हमें उस दबाव का आनंद लेना होगा। और हमें फाइनल में अपना सब कुछ झोंकना होगा। हम जीतना चाहते हैं और इसे अपने प्रशंसकों को समर्पित करना चाहते हैं। प्रशंसकों के प्यार से ईईबी के बोर्जा हेरेरा भी प्रभावित हुए, जो टूर्नामेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन में एक प्रमुख खिलाड़ी थे और रविवार को कुआड्राट की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कोलकाता डर्बी अलग लगा, तो उन्होंने विनम्रता से कहा, प्रशंसकों को बारिश में रोते हुए देखना आश्चर्यजनक था। फाइनल के बारे में बोर्जा ने कहा, कल यह एक कठिन मैच होने वाला है। दोनों टीमें जीत की कोशिश करेंगी. यह फाइनल है, यह सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। प्रशंसकों के लिए, यह निश्चित रूप से स्वप्निल फाइनल है, विशेष रूप से कोलकाता और पश्चिम बंगाल राज्य के प्रशंसकों के लिए और साथ ही देश भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए।


## फिल्मी दुनियां

# बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 22वें दिन भी गदर 2 उड़ा रही गर्दा

अमीषा पटेल-सनी देओल स्टारर और अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर अब भी तूफान बनी हुई है और फिल्म की कमाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं वे रहा है. इसी के साथ ये फिल्म साल 2023 में बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन चुकी है. वहीं अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 भी इस महीने की शुरुआत में रिलीज होने के बाद से टिकट काउंटर पर धूम मचा रही है. हालांकि कलेक्शन के मामले में ओएमजी 2 से गदर 2 काफी आगे है और कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं रिलीज के 21वें दिन बॉक्स ऑफिस पर ओएमजी 2 और गदर 2 की कमाई का रिपोर्ट कार्ड कैसा रहा है?

**गदर 2 ने रिलीज के 22वें दिन कितनी कमाई की है?**

गदर 2 की पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर



बादशाहत कायम है. फिल्म ने जमकर कलेक्शन किया है. यहां तक कि रिलीज के 21वें दिन भी फिल्म का क्रेज लोगों के सिर चढक़र बोल रहा है और इसे देखने के लिए सिनेमाघरों में खूब ऑडियंस भी पहुंच रही है. इसी के साथ ये फिल्म अब 500 करोड़ का आंकड़ा छूने से बस इंचभर दूर रह गई है. वहीं अब सनी देओल की इस फिल्म की रिलीज के 21वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.रिपोर्ट के गदर 2 ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार को 7.50 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है. इसी के साथ ह्यगदर 2 की 21 दिनों कि कुल कमाई अब 481.25 करोड़ रुपये हो गई है. गदर 2 से पहले दिन से क्लैश के बावजूद ओएमजी 2 ने भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है और जमकर कारोबार भी किया है. हालांकि इस दौरान फिल्म की कमाई में काफी उतार-चढ़ाव भी दर्ज किया गया है बावजूद इसके अक्षय कुमार की ये फिल्म 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने में कामयाब रही है. वहीं तीसरे हफ्ते में फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में स्थिर बनी हुई है.

### इमरान ने दो धारी तलवार के लिए लगातार 4 रात की शिफ्ट में की शूटिंग

लंबे समय से सिनेमा से दूर रहे अभिनेता इमरान खान ने पुरानी यादों को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली को लेकर दिलचस्प किस्से साझा किए इमरान ने इंस्टाग्राम पर मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली की कुछ रेट्रो तस्वीरें साझा की।उन्होंने लिखा, एक समय की बात है, इंस्टाग्राम नहीं था, इसलिए लोग अपनी तस्वीरों में रेट्रो प्रभाव जोडऩे के लिए हिपस्टैमैटिक ऐप का इस्तेमाल करते थे। यहां एमबीकेडी के सेट से कुछ रेट्रो तस्वीरें हैं, मुझे याद है कि मैंने दो धारी तलवार गाने के लिए कुछ डबल शिफ्ट में काम किया था। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने लगातार चार रातों तक दो धारी तलवार गाने की शूटिंग की और दिन के दौरान वह डेल्ही बेली के ट्रैक की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा, इसे लगातार 4 रात की पालियों में शूट किया गया था, जबकि मैं एक ही समय में दिल्ली बेली से नक्कडड़वाले डिस्को और स्विटी के संगीत वीडियो की शूटिंग दिन में कर रहा था। मैं दो सेटों के बीच चलते हुए अपनी कार में सोता था।

# ड्रीम गर्ल ने 60 करोड़ का आंकड़ा किया पार, फिल्म का 7वें दिन का कलेक्शन रहा शानदार

आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है.

एक बार फिर पूजा की अदाओं को देखने के लिए सिनेमाघरों में जमकर भीड़ उमड़ रही है इसी के साथ फिल्म जमकर कमाई भी कर रही है. चलिए जानते हैं ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के 7वें दिन कितने करोड़ का बिजनेस किया है?

ड्रीम गर्ल 2 को बॉक्स ऑफिस पर पहले से जमी बैठी गदर 2 और ओएमजी 2 से मुकाबला करना पड़ा. हालांकि आयुष्मान खुराना की फिल्म को भी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है. फिल्म का ओपनिंग वीकेंड शानदार रहा था. वहीं वीकडेज में



भी ड्रीम गर्ल 2 ने अच्छा कलेक्शन किया है. वहीं बुधवार को फिल्म की कमाई में 27.77 फीसदी का इजाफा हुआ था और इसने 7.5 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं अब ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज के 7वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक ह्यड्रीम गर्ल 2 ने गुरुवार को भारत में शानदार 8 करोड़ रुपयो का कारोबार किया है. इसी के साथ ड्रीम गर्ल 2 की 7 दिनों की कुल कमाई अब 67.50 करोड़ रुपये हो गई है.

# धीरज धूपर ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार, वेब सीरीज टटलूबाज में आएंगे नजर



छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता धीरज धूपर ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।वह जल्द वेब सीरीज टटलूबाज में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसमें उनकी जोड़ी नरगिस फाखरी के साथ बनी है।दिलचस्प बात यह है कि टटलूबाज से नरगिस भी ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं।विभु कश्यप द्वारा निर्देशित यह वेब सीरीज एपिक ऑन पर स्ट्रीम होगी। रात 9 बजे फिल्म्स अपने बैनर तले सीरीज का निर्माण करेगी। धीरज ने टटलूबाज में अपने किरदार को लेकर खुलासा किया।उन्होंने कहा, मैं वेब सीरीज में मुख्य किरदार निभा रहा हूं और यह बहुत अलग है। एक अभिनेता के तौर पर मुझे चुनौतियां लेना पसंद है और टटलूबाज मेरे लिए वह चुनौती है। जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी मैंने आगे बढऩे का फैसला कर लिया। पूरी टीम के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। खासकर हमारे निर्देशक विभु कश्यप के साथ। धीरज ने आगे कहा, मैं अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मैं हमेशा से ओटीटी क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता था और आखिरकार मैं अपनी आगामी रिलीज टटलूबाज के साथ इसे सच होते हुए देख रहा हूं।

# वरुण धवन और आलिया भट्ट की फिर जमेगी जोड़ी, दुल्हनिया 3 लाने की तैयारी

वरुण धवन और आलिया भट्ट की जोड़ी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है। पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बद्रीनाथ की दुल्हनिया तक, दोनों पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया है।जो प्रशंसक इस जोड़ी के पर्दे पर लौटने का इंतजार कर रहे थे, अब उनकी यह इच्छा जल्द ही पूरी होने वाली है। दरअसल, दोनों फिर साथ नजर आने वाले हैं और वो भी दुल्हनिया सीरीज की अगली किस्त में।वरुण ने खुद यह खुलासा किया है।एक हालिया इंटरव्यू के दौरान वरुण अपनी पिछली फिल्म बवाल के निर्देशक नितेश तिवारी और जाह्नवी कपूर के बगल में बैठे थे।वहीं दर्शकों की भीड़ में बैठे एक प्रशंसक ने वरुण से आलिया के साथ उनकी फिल्म सीरीज दुल्हनिया के अगले भाग के बारे में पूछा।इस पर वरुण ने कहा कि वह आलिया के साथ दोबारा काम करना चाहेंगे। उन्होंने बताया कि निर्देशक शशांक खेतान फिलहाल उनके लिए एक स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।



वरुण बोले, एक टीम के रूप में हम सबने इस पर काफी चर्चा की है। हम निश्चित रूप से यह करना चाहते हैं। साथ ही हम कुछ ऐसा लाना चाहते हैं, जो बहुत अच्छा हो ताकि आप सब भी उसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हों।उन्होंने कहा, दुल्हनिया 3 पर शशांक काम कर रहे हैं। वह एक स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं, जो हमारी वापसी के लिए बेहतर होगी। हम एक-दूसरे के साथ फिर काम करने को उत्साहित हैं।

**जयन्त**

संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com